# दैनिक राष्ट्रीय गरिमा

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता

www.rashtriyagarima.com

राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली

■ भोपाल, मंगलवार 10 नवम्बर 2026 ■ पृष्ठ : 8, मूल्य ₹ 2 ■ वर्ष : 31, अंक : 144 ■ RNI No.61858/95 ■ Email- rgarima2005@gmail.com





रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम बंगाल के बागडोगरा जिले में स्थित बागडोगरा वायु सेना स्टेशन पर दिवाली समारोह के दौरान भारतीय वायु सेना के कर्मियों को संबोधित किया।

**सुविचार**

सफलता उन्हीं को मिलती है जो बिना किसी आलस्य के निरंतर आगे बढ़ते हैं।

# दीपावली की रात मध्यप्रदेश में अगजनी में 12 लोगों की गई जान

## कटनी में 6 और सिवनी में मकान में आग लगने से 6 लोगों की गई जान

### यूपी के मुजफ्फरनगर में कार में छह लोग जिंदा जले



मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में आज तड़के पानीपत-खटीमा हाइवे पर डिवाइडर से टकराने के बाद एक कार पलट गई और उसमें आग लग गई। हादसे में कार सवार छह लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसा तड़के करीब पांच बजे तितावी थाना क्षेत्र के पास हुआ। कार सवार परिवार हरियाणा के हिसार से हरिद्वार जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद कार पलट गई और देखते ही देखते उसमें आग लग गई। कार सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। राहगीरों ने कार में आग लगी देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आग पर काबू पाने की कार्रवाई कर शवों को कब्जे में लिया। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस परिवार के हरियाणा के हिसार से जुड़े होने की जानकारी जुटा रही है। सीओ फुगाना नरेंद्र यादव ने बताया कि हिसार में रह रहे परिवार से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेज करने और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

भोपाल। मध्य प्रदेश के कटनी जिले के बरही और सिवनी जिले के छपारा में दीपावली पर्व पर रविवार की रात आग लगने की दुखद घटना में दो परिवारों के 12 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने दोनों हादसों में दो परिवारों के सदस्यों के निधन की घटना पर गहन दु:ख व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि घटना अत्यंत हृदय विदारक है। उन्होंने सभी दिवंगतों को विनम्र श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगतों को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। दरअसल, प्रदेश में दीपावली की बरही में तीन मंजिला मकान में लगी आग से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें दो महीने का मासूम, दो बच्चियां, उनकी मां और दादा-दादी शामिल हैं। वहीं, सिवनी में सराफा व्यापारी के मकान में आग लगने से 6 लोगों की जान चली गई। दोनों जगह कुछ लोग किसी तरह बाहर निकलकर बचने में कामयाब रहे। दोनों जगहों पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, कटनी जिले के बरही में दीपावली की रात करीब 12 बजे पूरन अग्रवाल की क्राकरी दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग तीन मंजिला इमारत में फैल गई। हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 77 वर्षीय पूरन अग्रवाल, उनकी पत्नी चंद्रकला,बहू पूनम और परिवार के तीन बच्चे शामिल हैं। इनमें 14 साल की आर्या, 6 साल की अन्वी और दो महीने का मासूम शामिल है। हादसे के दौरान रितेश अग्रवाल और उनकी भाभी सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। सूचना मिलने पर बरही, विजयराघवगढ़, कैमोर और कटनी नगर निगम की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

## राष्ट्रपति मुर्मू स्वच्छ सर्वेक्षण के विजेताओं को करेंगी सम्मानित

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार (11 नवंबर) को यहां विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस दौरान देश के सबसे स्वच्छ शहरों के साथ स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्यमंत्री तोखन साहू मौजूद रहेंगे। केंद्रीय आवस एवं शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण का दसवां संस्करण 'स्वच्छता की नई पहल-बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' विषय पर आयोजित किया गया। वर्ष 2016 में 73 शहरी निकायों से शुरू हुआ यह सर्वेक्षण अब 4,751 से अधिक शहरों तक पहुंच गया है। इस बार शहरी स्थानीय निकायों का मूल्यांकन 10 प्रमुख क्षेत्रों के 43 मानकों पर किया गया। इनमें कचरा प्रबंधन, दिखाई देने वाली स्वच्छता, स्वच्छता सुविधाएं, इस्तेमाल किए गए पानी का प्रबंधन, सफाई कर्मचारियों का कल्याण और नागरिकों की प्रतिक्रिया शामिल हैं। देशभर में 3,000 से अधिक प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ताओं ने जीपीएस आधारित निगरानी के साथ स्थलीय आकलन किया।

# कांग्रेस ने केवल राजनीति की, विकास के काम नहीं किए : मंत्री अमित शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सरखेज-इस्कॉन ओवरब्रिज जनता को समर्पित



अहमदाबाद,(एजेंसी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को अहमदाबाद को विकास कार्यों की बड़ी सौगात देते हुए 1,400 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रकल्पों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने 450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने सरखेज-इस्कॉन एलिवेटेड ओवरब्रिज का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया। इसके साथ ही वाडज स्थित रामापीर टेकरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों के लाभार्थियों को चाबियां सौंपीं। इस अवसर पर शाह ने कहा कि सरखेज से गांधीनगर पहुंचने में पहले वाहन चालकों को काफी समय लगता था,लेकिन अब ओवरब्रिज शुरू होने से बिना ट्रैफिक सिग्नल के सीधे गांधीनगर पहुंचना संभव होगा। प्रतिदिन दो लाख से अधिक लोगों को इससे आवागमन में सुविधा मिलेगी। एसजी हाइवे पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और वाईएमसीए, प्रह्लादनगर तथा कर्णावती क्लब जंक्शन पर लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। उन्होंने रामापीर टेकरा के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1985 में जब वे चुनाव का काम करने यहां आते थे, तब इस क्षेत्र की स्थिति बेहद कठिन थी। यहां पीने के पानी,बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव था। उस समय लगभग 50 से 55 हजार लोग झुग्गी-बस्तियों में रहकर जीवन व्यतीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2007 में मुख्यमंत्री रहते हुए झुग्गी-बस्तियों के निवासियों को पक्के मकान देने की योजना शुरू की थी, जिसे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल आगे बढ़ा रहे हैं। आज यहां के लोगों को साफ-सुथरे और सुविधायुक्त मकान मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन आवासीय परिसरों में सामाजिक सुरक्षा, मनोरंजन,वाचनालय, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इससे नई पीढ़ी को बेहतर वातावरण मिलेगा और बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। उन्होंने लाभार्थियों से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का आग्रह भी किया। केंद्रीय गृहमत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने लंबे समय तक देश और गुजरात में शासन किया,लेकिन रामापीर टेकरा जैसे क्षेत्रों की समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1995 में भाजपा के पहले पार्षद के चुनाव जीतने के बाद इस क्षेत्र में पार्टी को जनसमर्थन मिलना शुरू हुआ। उन्होंने क्षेत्र के विकास को लेकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने गुजरात को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि राज्य को 31 दिसंबर 2028 तक ड्रग्स मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी हेल्पलाइन नंबर 1033 पर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने जोधपुर में नवनिर्मित नॉलेज हब और गोटा में अर्बन हेल्थ सेंटर का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने जसपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमिपूजन किया।

## संघ पर प्रतिबंध की कोशिश के दौरान इब्राहिम ने किया था समर्थन

### संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में अपने संबोधन में किया जिक्र

नागपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में पुरानी घटना का जिक्र कर बताया कि कैसे 1930 के दशक में, जब संघ को प्रतिबंधित करने का प्रयास हो रहा था,तब इब्राहिम नामक एक व्यक्ति ने संघ का खुलकर समर्थन किया था। संघ प्रमुख भागवत ने सोमवार को नागपुर में कहा कि किसी भी बड़े कार्य को पूरा करने के लिए जो भी आवश्यक होता है, वह अपने आप ही उपलब्ध हो जाता है। संघ प्रमुख ने 1930 के दशक की घटना को याद कर बताया कि सेंट्रल प्रोविंस की विधानसभा में पहली बार संघ पर पाबंदी लगाने की कोशिश की गई थी। उस समय संघ का बचाव करने या उसकी विचारधारा का समर्थन करने के लिए कोई स्वयंसेवक उपलब्ध नहीं था। ऐसी स्थिति में इब्राहिम नामक व्यक्ति आगे आए और उन्होंने संघ के समर्थन में बात रखी। इब्राहिम ने तर्क दिया कि संघ को बंद नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह सांप्रदायिक संगठन नहीं है। आरआरएस प्रमुख भागवत के अनुसार,इब्राहिम ने कहा था,जो लोग कहते हैं कि हिंदुस्तान एक हिंदू राष्ट्र है,उन्हें पागलखाने भेज देना चाहिए। मैं डॉ.हेडगेवार को जानता हूं,वे पागल नहीं,बल्कि एक अच्छे इंसान हैं। इसलिए,संघ सांप्रदायिक नहीं हो सकता। भागवत ने बताया कि उस समय संघ को बने हुए कुछ ही साल हुए थे और बहुत कम लोग इसके बारे में जानते थे,लेकिन संस्थापक डॉ. हेडगेवार को सभी लोग जानते थे और उनका सम्मान करते थे। उन्होंने कहा कि शुरुआती दिनों में स्वयंसेवक ही संघ की पहचान बने थे और आज लगभग 100 साल बाद भी स्वयंसेवक ही संघ की असली पहचान बने हुए हैं। भागवत ने स्वयंसेवकों के समर्पण पर जोर देकर कहा कि हालांकि लोग अलग-अलग क्षमताओं और गुणों वाले होते हैं, लेकिन सभी में एक बात समान होती है उनका अटूट समर्पण। उन्होंने स्वयं एक प्रचारक होने के नाते कहा कि प्रचारकों का निरंतर और अथक समर्पण उनके लिए एक सामान्य बात बन चुकी है।

## हजारीबाग में सड़क हादसा,पांच लोगों की मौत,14 घायल

हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र स्थित दनुआ घाटी में सोमवार को हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ,जब शव का अंतिम संस्कार करने के लिए यात्रियों को लेकर वाराणसी जा रहे सवारी वाहन को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन में सवार लोगों के बीच चीख-पुकार मच गई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सवार सभी लोग गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के बिहारो और सलैया गांव के रहने वाले थे। हादसे के वक्त बगोदर के अटका से एक शव लेकर वाहन वाराणसी जा रहा था। इसी दौरान जीटी रोड पर दनुआ घाटी में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि 14 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। सूचना मिलते ही चौपारण थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में सहयोग किया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भारतीय वायुसेना की ऐतिहासिक उपलब्धि:

## आईएल-76एमडी ने मुध-न्योमा में भरी दुनिया की सबसे ऊंची उड़ान



**इस विमान द्वारा दुनिया में अब तक की सबसे ऊंचाई पर की गई लैंडिंग**

नई दिल्ली,(एजेंसी)। भारतीय वायुसेना ने पूर्वी लद्दाख में चीन सीमा के करीब स्थित मुध-न्योमा एयरबेस पर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। वायुसेना के भारी सैन्य परिवहन विमान आईएल-76एमडी ने 13,629 फीट की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की है, जिसे इस विमान द्वारा दुनिया में अब तक की सबसे ऊंचाई पर की गई लैंडिंग बताया जा रहा है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय वायुसेना की रणनीतिक एयरलिफ्ट क्षमता और अत्यंत ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जटिल सैन्य अभियान चलाने की उसकी अद्वितीय दक्षता का प्रदर्शन करती है। यह सफल लैंडिंग न केवल एक तकनीकी मील का पत्थर है,बल्कि यह भी स्थापित करती है कि भारतीय वायुसेना अब अत्यंत चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों में भी भारी सैन्य उपकरणों और सैनिकों को कुशलतापूर्वक पहुंचा सकती है। मुध-न्योमा एयरबेस वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगभग 23 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे इसकी सामरिक महत्ता और भी बढ़ जाती है। समुद्र तल से करीब 13,700 फीट की ऊंचाई पर निर्मित इस एयरबेस का रनवे लगभग 2.7 किलोमीटर लंबा है, जो इसे लड़ाकू विमानों, विभिन्न प्रकार के परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों के संचालन के लिए उपयुक्त बनाता है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे डेमचोक और पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे जैसे संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाती है। ऐसे में आईएल-76एमडी की यह सफल लैंडिंग वायुसेना के पायलटों और तकनीकी दल के उच्च कौशल और गहन प्रशिक्षण को दर्शाती है। न्योमा एयरस्ट्रिप का निर्माण मूल रूप से 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान एक एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) के रूप में किया गया था। इसे 18 सितंबर 2009 को एएन-32 विमान उतारकर दोबारा सक्रिय किया गया था। दिसंबर 2022 में सीमा सड़क संगठन ने इसे एक पूर्ण एयरबेस के रूप में विकसित करने का काम शुरू किया था, जिसकी आधारशिला सितंबर 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रखी। लगभग 218 करोड़ रुपये की लागत से इसका उन्नयन किया गया है। इस एयरबेस का औपचारिक उद्घाटन पूर्व में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान उतारकर किया गया था, जिसके बाद न्योमा लद्दाख में लेह, कारगिल और थोइस के बाद वायुसेना का चौथा महत्वपूर्ण एयरबेस बना। वर्ष 2020 के गलवान संकट के दौरान भी वायुसेना ने बड़ी संख्या में सैनिकों और सैन्य उपकरणों को लद्दाख पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

## पूर्व सांसद,लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि का दिल्ली में निधन

देवरिया। उत्तरप्रदेश के देवरिया के पूर्व सांसद और भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर सेवाएं दे चुके श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी का रविवार को नई दिल्ली में निधन हुआ। वे 91 वर्ष के थे और बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की जानकारी उनके बेटे और देवरिया से वर्तमान भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने एक्स के जरिए दी। बीजेपी सांसद त्रिपाठी ने बताया कि उनके पिताजी का निधन रविवार सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर दिल्ली में हुआ। श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी का सैन्य और राजनीतिक दोनों क्षेत्रों में लंबा और प्रतिष्ठित अनुभव रहा। सेना में एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में देश की सेवा करने के बाद, उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया और देवरिया निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1996 और 1999 में दो बार भारतीय जनता पार्टी के सांसद चुने गए। उनके परिवार में उनकी पत्नी और एक पुत्र हैं।

# हमारी गौमाता कृषि और प्राकृतिक खेती का आधार है : मुख्यमंत्री डॉ.यादव



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन लीला के माध्यम से प्रकृति, पर्यावरण, जल संरक्षण और गौ-संवर्धन का महत्वपूर्ण संदेश दिया था। गौमाता हमारी सनातन संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि व्यवस्था का आधार हैं। गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गौमाता के बिना हम अधूरे हैं और हमारे बिना गौमाता का जीवन भी अधूरा है। गौसेवा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता और सामूहिक जिम्मेदारी का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर जिले के ग्राम आशापुरा, (महू) में जन सहयोग से विकसित तथा अत्याधुनिक कामधेनु गौशाला के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौशाला का अवलोकन किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा की तथा गोपाल कृष्ण ग्राम प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह गौशाला गोवर्धन पर्वत की भावना के अनुरूप सामूहिक सहयोग और जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस गौशाला के निर्माण में समाजसेवी श्री विनोद अग्रवाल द्वारा सीएसआर मद से 6 करोड़ रुपये तथा श्री नितिन अग्रवाल द्वारा 2.5 करोड़ रुपये का योगदान दिया गया है। अन्य जन सहयोग के साथ शासन विभिन्न मदों से भी राशि व्यय की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौशाला में सीएनजी गैस प्लांट एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 5 करोड़ रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि गौमाता के समुचित प्रबंधन के लिए आवश्यकता पड़ने पर सरकार आगे भी संसाधन उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला हमें प्रकृति के संरक्षण और समाज की सामूहिक शक्ति का संदेश देती है। भगवान श्रीकृष्ण ने बताया कि जल, नदी, पर्वत, वन और प्रकृति के सभी संसाधनों पर सबका समान अधिकार है। गोवर्धन पर्वत धारण कर उन्होंने समाज को एकजुट रहने और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसी भावना को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के रूप में आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का ग्रामीण संस्कृति, गौमाता और प्रकृति से विशेष जुड़ाव रहा है। मोर पंख को सम्मान देकर उन्होंने ग्रामीण संस्कृति और प्रकृति के प्रति अपनी आत्मीयता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि गौमाता कृषि संस्कृति की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से धरती की उर्वरता प्रभावित हुई है। अब समय प्राकृतिक खेती की ओर लौटने का है। प्राकृतिक खेती में गौमाता का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गौमाता का दूध बच्चों को पोषण और शक्ति प्रदान करता है तथा कुपोषण दूर करने में भी सहायक है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने शाकाहार,गौपालन और प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया। आज आवश्यकता है कि प्रत्येक व्यक्ति गौसेवा की भावना से आगे आए। सरकार ने ऐसी व्यवस्था विकसित करने का संकल्प लिया है, जिससे कोई भी गौमाता लावारिस स्थिति में सड़कों पर नहीं रहे।

## यूपी में बीजेपी विधायक के भाई की गोली मारकर हत्या

कन्नौज। यूपी के कन्नौज जिले में दीपावली की रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। चुनावी रंजिश के चलते बीजेपी विधायक अर्चना पांडे के भाई और वकील अनुज कुमार चतुर्वेदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और दीपावली की खुशियां मातम में बदल गईं। मुख्य आरोपी कांग्रेस जिला महासचिव अमूल दीक्षित बताया जा रहा है जो घटना के बाद से फरार है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए कुल पांच टीमों का गठन किया है। बता दें जिले में दीपावली की रात छिबरामऊ कोतवाली के पास वकील अनुज कुमार चतुर्वेदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक बीजेपी विधायक अर्चना पांडे का भाई था। इस सनसनीखेज वारदात को कांग्रेस के जिला महासचिव अमूल दीक्षित ने अंजाम दिया जिस पर चार राउंड फायरिंग करने का आरोप है। घटना की जानकारी मिलते ही छिबरामऊ से विधायक अर्चना पांडे मौके पर पहुंचीं और फूट-फूट कर रोती नजर आईं। एसपी और एएसपी समेत भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद है और मामले की जांच में पांच टीमों को लगाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हत्या के पीछे की मुख्य वजह चुनावी रंजिश और जमीन का विवाद बताया जा रहा। मृतक के भाई धीरज चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी अमोल दीक्षित का उनके छोटे भाई से झगड़ा हुआ था और उसे थप्पड़ मारा था।

# हिंसा के बीच हाईकोर्ट ने मणिपुर में जनगणना पर लगाई रोक

### 30 अप्रैल 2027 तक प्रक्रिया स्थगित, हिंसा और अन्य आपत्तियां बनीं वजह



इंफाल,(एजेंसी)। मणिपुर में जारी हिंसा,बड़े पैमाने पर विस्थापन और जनसंख्या के आंकड़ों को लेकर उठे सवालों के बीच हाईकोर्ट ने जनगणना 2027 की प्रक्रिया पर 30 अप्रैल 2027 तक रोक लगा दी है। अदालत ने केंद्र सरकार, रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे जनगणना कराने को लेकर विभिन्न संगठनों की ओर से उठाई गई आपत्तियों पर विचार करें और निर्धारित समय-सीमा तक अपना आदेश जारी करें। तब तक राज्य में जनगणना की प्रक्रिया स्थगित रहेगी। मणिपुर हाईकोर्ट ने विभिन्न संगठनों की ओर से सौंपे गए ज्ञापनों पर विचार करते हुए यह निर्देश दिया। इन ज्ञापनों में राज्य में जारी संघर्ष, अवैध प्रवासन और इसके कारण जनसांख्यिकीय संरचना में संभावित बदलाव का मुद्दा उठाया गया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि हिंसा के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने घर छोड़कर विस्थापित हो चुके हैं। कई लोगों के मकान नष्ट हो गए हैं और सड़कों के बंद होने के कारण दूरदराज के इलाकों तक पहुंचना भी मुश्किल है। ऐसे में मौजूदा परिस्थितियों में जनगणना से राज्य की वास्तविक आबादी का आकलन नहीं हो पाएगा। याचिकाकर्ताओं ने विशेष रूप से पहाड़ी इलाकों में जनगणना दोबारा कराने की मांग की है। उनका कहना है कि हिंसा के बाद इन क्षेत्रों में जनसंख्या के स्वरूप में बदलाव आया है। उन्होंने परिसीमन की प्रक्रिया को लेकर भी चिंता जताई और इसे कराने की मांग की है। ज्ञापनों में पहाड़ी क्षेत्रों में कथित अवैध बस्तियां बसाए जाने और बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश का भी आरोप लगाया गया है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार,कुछ कथित घुसपैठियों ने स्थानीय महिलाओं से विवाह कर लिया है। उन्होंने मांग की है कि जनगणना शुरू होने से पहले राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अपडेट किया जाए,ताकि नागरिकता और आबादी से संबंधित स्थिति स्पष्ट हो सके। हालांकि,ये सभी याचिकाकर्ताओं की ओर से उठाए गए दावे और आशंकाएं हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी 26 नवंबर को मणिपुर के एक दिवसीय दौरे पर पहुंच सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक,वह सबसे पहले इंफाल जाएंगे,जहां हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों और अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों से मुलाकात करेंगे।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली



# श्री गुप्तेश्वर गौ-शाला में जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधि-विधान से किया गोवर्धन पूजन, गौमाता को अर्पित किया गोग्रास

**गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के 6 विजेता पशुपालक सम्मानित**



हरदा। जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम चारूवा, हरिपुरा स्थित श्री गुप्तेश्वर गौशाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने भगवान कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विधि-विधान से गोवर्धन भगवान का पूजन एवं आरती की तथा गौ-माता का पूजन भी किया गया। उन्होंने गायों को स्नेह पूर्वक दुलारा और उन्हें गु? एवं मिष्ठान इत्यादि खिलाया, साथ ही गौशाला परिसर में आम व नीम का पौधा रोपा गया। कार्यक्रम में गौशालाओं में कार्यरत गौ-सेवकों व गौ-प्रेमियों का शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ.आर.के. दोगने, पूर्व कृषि मंत्री श्री कमल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गजेन्द्र शाह, कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गहलोत, जनपद अध्यक्ष खिरकिया श्रीमती रानू दशरथ पटेल, जिला अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा, कृषि समिति के सभापति श्री ललित पटेल, उप संचालक पशु चिकित्सा श्री अजय रामटेके सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति के महत्व को समझाती है। गौमाता का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। गाय के दूध, गोबर और गोमूत्र से अनेक उपयोगी उत्पाद तैयार किए जाते हैं। गौमाता का संरक्षण और उनसे प्राप्त उत्पादों का सदुपयोग प्रकृति एवं समाज दोनों के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि आज गोवर्धन पूजा का दिन है और गाय की पूजा करने से ब्रह्म लोक की प्राप्ति होती है। अगर घर में नकारात्मक प्रभाव रहता है, तो गौमाता के गोमूत्र के छिड़काव से नकारात्मक प्रभाव समाप्त हो जाता है। श्री उइके ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रतिज्ञा ली है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रदेश की सभी गौशालाओं में पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति गौशालाओं से जुड़े, उनकी व्यवस्थाओं को समझे और गौसेवा में अपनी सहभागिता निभाए। देशी गोवंश संवर्धन को बढ़ावा, गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजनाः वृंदावन ग्राम सोडलपुर और मगरधा में दुग्ध प्रतियोगिता सम्पन्न देशी गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के अंतर्गत हरदा जिलें के वृंदावन ग्राम सोडलपुर एवं मगरधा में 27 से 31 अक्टूबर, 2026 तक दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में सर्वाधिक दूध उत्पादन करने वाली गायों के पशुपालकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये की राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सभी विजेताओं के बैंक खातों में पुरस्कार राशि एकमुश्त डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। इस दौरान वर्चुअल कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने गोपाल कृष्ण पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन करने वाले 6 पशुपालकों को सम्मानित किया।प्रतियोगिता में जिलें के वृंदावन ग्राम सोडलपुर एवं मगरधा में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली 3 - 3 गायें चयनित हुई। प्रतियोगिता में जिले के टिमरनी विधानसभा के वृंदावन ग्राम सोडलपुर के श्री प्रेम नारायण की गिर गाय 10.897 लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन के साथ प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर ग्राम सोडलपुर के श्री अशोक प्रजापति की मालवी गाय 8.403 लीटर प्रतिदिन तथा तृतीय स्थान पर ग्राम सोडलपुर की श्री हनुमान दास की गिर गाय 8.019 लीटर प्रतिदिन रही।

## कलेक्टर ने शासकीय बाल गृह एवं संप्रेषण गृह का किया भ्रमण, बच्चों को बांटे उपहार एवं मिठाई

जबलपुर। कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय बाल गृह एवं शासकीय संप्रेषण गृह का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों द्वारा दीपावली के अवसर पर तैयार की गई विभिन्न आकर्षक कलाकृतियों का अवलोकन किया तथा बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को उपहार एवं मिठाई वितरित कर त्योहार की खुशियां साझा कीं। भ्रमण के दौरान एसडीएम रांझी श्री गगन बिसेन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री सौरभ सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आगजनी से प्रभावित 71 परिवारों को प्रशासन ने पहुंचाई राहत

जबलपुर। गाजी नगर झुग्गी बस्ती में आगजनी की घटना से प्रभावित परिवारों को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर आधारताल एसडीएम मदन रघुवंशी द्वारा प्रभावित 71 परिवारों को तात्?कालिक राहत के तौर पर एक माह का राशन तथा दैनिक जरूरतों की अन्?य सामग्री प्रदान की गई। प्रभावित परिवारों को उपलब्?ध कराई गई सामग्री में दाल, चावल, आटा, तेल, मसाले सहित दैनिक उपयोग में आने वाले बर्तन तथा पहनने, ओढ़ने और बिछाने के कपड़े शामिल है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की देर रात शॉर्ट सर्किट से लगी आग में बस्ती के 15 मकान जलकर क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटना के बाद जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए खाद्यान्न एवं जरूरी घरेलू सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है, ताकि इस कठिन परिस्थिति में उन्हें राहत मिल सके।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच कलेक्टर एवं एसपी ने मनाई दीपावली वितरित किए कंबल और मिठाई



हरदा। दीपावली के पावन अवसर पर रविवार को कलेक्टर श्री कुमार सत्यम एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के बीच दीपावली का पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों को कंबल एवं मिठाई भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों से आत्मीयतापूर्वक मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने बुजुर्गों के साथ समय बिताकर दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर अधिकारियों ने बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और अपनत्व का संदेश देते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## एसडीएम ने वनांचल के आदिवासी बच्चों के बीच मनाई दीपावली की खुशियां



सिवनी मालवा। दीपावली के त्योहार पर सिवनी मालवा एसडीएम विजय राय अपनी 3 वर्षीय बच्ची के साथ विकासखण्ड के वनांचल ग्राम सांटई पहुचे और आदिवासी बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां मनाई। इस दौरान उन्होंने ने अपनी पुत्री के साथ वहां मौजूद सभी बच्चों को नए वस्त्र, दीपावली के पटाखे, मिठाइयां तथा शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन स्वरूप कापी, पेन उपहार स्वरूप भेंट किए। जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे, उनका उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों के साथ इस स्नेहिल मिलन के दौरान एसडीएम श्री राय ने उनके साथ आत्मीय संवाद करते हुए महत्वपूर्ण संदेश दिया कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का असली आधार है, इसलिए सभी बच्चों को पूरी लगन और मेहनत के साथ मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए तथा समाज में हर पर्व को आपसी भाईचारे और मिलजुलकर मनाना चाहिए। एसडीएम ने अपने परिवार के साथ की गई इस अनूठी पहल और संवेदनशील सहभागिता से न केवल आदिवासी ग्राम सांटई के बच्चों और ग्रामीणों की दीपावली यादगार बन गई, बल्कि यह समाज के अंतिम छोर के नागरिकों के साथ जु?ाव का एक प्रेरणादायी उदाहरण भी बन

## जिला चिकित्सालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



जबलपुर। कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा ने आज जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया अस्पताल) पहुँचकर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। आउटसोर्स कर्मचारियों को दो माह से वेतन भुगतान नहीं होने तथा भुगतान में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उपचार और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ, गुणवत्तापूर्ण उपचार और संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

### जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया गोवर्धन पूजा पर्व

# पंचायत स्तरीय गौशालाओं में हुआ गोवर्धन पूजन एवं गौ माता की पूजा-अर्चना



सीहोर। गोवर्धन पूजा का पावन पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास , श्रद्धा और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले की सभी पंचायत स्तरीय गौशालाओं में विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में विधि-विधान से गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना की गई तथा गौ माता का पूजन कर जिले की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौशालाओं में गौ माता को तिलक लगाकर पूजा की गई तथा उन्हें पारंपरिक रूप से आहार अर्पित किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गोवर्धन पूजा प्रकृति, पशुधन और पर्यावरण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। यह पर्व हमें गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और सेवा के साथ प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है। आष्टा विकास खंड के ग्राम गवाखेड़ा में आयोजित गोवर्धन पूजा में विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर शामिल हुए। इसके साथ ही जिले की विभिन्न पंचायतों में आयोजित इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी तथा शासकीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना में सहभागिता की और गौ सेवा एवं संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित इन कार्यक्रमों से धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण बना रहा। गोवर्धन पूजा के माध्यम से ग्रामीणों को गौवंश के महत्व, गौशालाओं की उपयोगिता और पशुधन संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। गौ सेवा और संरक्षण हमारी समृद्ध परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे सामूहिक आयोजन सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## गोवर्धन पर्व के अवसर राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने दो पशुपालकों को किया सम्मानित

सीहोर। राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा गोवर्धन पर्व के अवसर पर इछावर तहसील के ग्राम भाऊखेड़ी में आयोजित गोवर्धन पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जिले एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में वृंदावन ग्राम स्तरीय गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता के अंतर्गत इछावर तहसील के ग्राम धामंदा के दो विजेता पशुपालक श्री लक्ष्मीचंद इटावदिया और संजय कुमार वर्मा को शॉल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति, पशुधन और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देती है। भारतीय संस्कृति के पर्व समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने के साथ ही प्रकृति एवं जीवमात्र के प्रति संवेदनशील रहने की प्रेरणा देते हैं।इस अवसर पर कलेक्टर श्री बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव भी उपस्थित रहीं।

## जन्म-मृत्यु की घटनाओं का सीआरएस पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य

सीहोर। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिले के समस्त नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों एवं चिकित्सा संस्थानों को जन्म-मृत्यु की घटनाओं का पंजीयन निर्धारित समय-सीमा में सीआरएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। निर्देशानुसार जन्म अथवा मृत्यु की घटना होने के 21 दिवस के भीतर संबंधित नगरीय निकाय अथवा ग्राम पंचायत को ऑनलाइन सीआरएस पोर्टल पर सूचना दर्ज कराना अनिवार्य है। निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम में होने वाली जन्म-मृत्यु की घटनाओं की सूचना दर्ज कराने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित चिकित्सा संस्थान के प्रभारी की होगी। स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय-सीमा में सूचना नहीं देने अथवा गलत जानकारी दर्ज कराने, जैसे जन्म-मृत्यु की गलत तारीख या गलत नाम दर्ज करने पर जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत जुर्माना एवं वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। कलेक्टर ने जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों को निर्देशित किया है कि जन्म-मृत्यु की प्रत्येक घटना की सही-सही जानकारी तत्काल सीआरएस पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित निकाय को उपलब्ध कराएं। नियमों का पालन नहीं करने वाले संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला रजिस्ट्रार को अवगत कराएं।

# गोवर्धन पर्व पर ग्राम भाऊखेड़ी पहुंचे राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, विधि-विधान से किया पूजन



सीहोर। राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा आज गोवर्धन पर्व के अवसर पर इछावर तहसील के ग्राम भाऊखेड़ी में आयोजित गोवर्धन पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना की तथा जिले और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कलेक्टर श्री बालागुरु के एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव भी गोवर्धन पूजा में शामिल हुए। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कृष्ण गौशाला पहुंचकर गौ माता की पूजा-अर्चना की और गौ सेवा के महत्व को बताया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रत्येक पर्व और त्योहार का अपना विशेष महत्व है। ये पर्व समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव, सहयोग और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति, पशुधन और पर्यावरण के प्रति सम्मान एवं संरक्षण का संदेश देती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा के माध्यम से प्रकृति और गौवंश के महत्व को समाज के सामने प्रस्तुत किया था। आज भी यह परंपरा हमें प्रकृति के संरक्षण और जीवमात्र के प्रति संवेदनशील रहने की प्रेरणा देती है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार जनसहयोग से विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के कार्यों को बेहतर ढंग से आगे बढ़ा रही है। सरकार की योजनाओं का उद्देश्य आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना भी है। उन्होंने नागरिकों से अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने, गौ सेवा एवं संरक्षण में सहभागिता निभाने तथा समाज के कल्याण के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए पर्व की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को भी रेखांकित किया।

छोटा विज्ञापन
बड़ा लाभ
छोटा विज्ञापन
बड़ा लाभ




क्लासीफाईड विज्ञापन दरें
150/- रूपये प्रतिदिन 25 शब्दों तक
स्कीम
2 दिन के विज्ञापन पर 2 दिन अतिरिक्त प्रकाशन
5 दिन के विज्ञापन पर 10 दिन अतिरिक्त प्रकाशन
10 दिन के प्रकाशन पर 20 दिन अतिरिक्त प्रकाशन
राष्ट्रीय गरिमा समाचार पत्र में विज्ञापन देकर अपने व्यापार को दें नई उड़ान
सम्पर्क करें : 8602000710, 8602000703
मात्र 1500/- रूपये में पूरे एक माह चलायें

मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी उपेन्द्र तिवारी द्वारा प्रदेशवॉच मीडिया ग्रुप 11 प्रेस कम्प्लेक्स जोन 1 एमपी नगर भोपाल से मुद्रित एवं बी-14 कस्तूरबा नगर भोपाल से प्रकाशित। सम्पादक : अभिमन्यु तिवारी,सहायक सम्पादक : शैलेन्द्र तिवारी।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल होगा। ( समाचार प्रकाशन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार* ) आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक 61858/95, मो. 8602000710 , 8602000701

दैनिक
# राष्ट्रीय गरिमा
शुभ प्रभात
www.rashtriyagarima.com
भोपाल, मंगलवार 10 नवम्बर 2026

**बिलासीपाड़ा में पेड़ गिरने से रिक्शा चालक की मौत,बच्चा घायल**

धुबड़ी। असम के धुबड़ी जिले के बिलासीपाड़ा के डुबापुरी द्वितीय खंड में एक दर्दनाक हादसे में पेड़ के नीचे दबकर ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ई-रिक्शा में सवार एक बच्चा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आज बताया कि सड़क किनारे स्थित एक पेड़ को काटा जा रहा था। इसी दौरान पेड़ अचानक ई-रिक्शा पर गिर पड़ा। हादसे में चालक कोहिनूर इस्लाम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**मकान के विवाद में बड़े भाई की ईंट से कुचलकर हुई हत्या**

कानपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में हनुमंत विहार थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को संजय गांधी नगर में मकान के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पड़ोस के खाली प्लाट में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आरोप है कि छोटे भाई ने बड़े भाई की ईंट से कुचलकर हत्या कर दी और शव को प्लाट में फेंककर फरार हो गया। मृतक की पहचान आनंद सिंह उर्फ रगडू (40) के रूप में हुई है। उनका अपने छोटे भाई प्रियम सिंह से मकान को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था।

# वंदे भारत में बढ़ी यात्रियों की दिलचस्पी,189 फीसदी पहुंची ऑक्यूपेंसी

**उपलब्ध सीटों की तुलना में यात्रियों की मांग लगभग 1.9 गुना दर्ज की गई**



नई दिल्ली,(एजेंसी)। वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों की बढ़ती दिलचस्पी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के एक रूट पर इसकी ऑक्यूपेंसी (यात्रा के दौरान सीटों के इस्तेमाल) 189.35 फीसदी तक पहुंच गई है। यानी उपलब्ध सीटों की तुलना में यात्रियों की मांग लगभग 1.9 गुना दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 3.98 करोड़ यात्रियों ने वंदे भारत से सफर किया, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले लगभग 34 फीसदी ज्यादा है। इसी बढ़ती मांग के बीच रेलवे ने अब वंदे भारत का दायरा चेयर कार से आगे बढ़ाते हुए स्लीपर सेवाओं तक पहुंचा दिया है। खास बात यह है कि देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस जिस दिल्ली-वाराणसी रूट पर फरवरी 2019 में शुरू हुई थी, अब उसी रूट पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई है। इसकी नियमित सेवा 2 नवंबर से शुरू हो चुकी है। दक्षिण भारत के मंगलुरु-तिरुवनंतपुरम रूट पर सबसे ज्यादा ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई है, जबकि हावड़ा-कामाख्या की पहली स्लीपर वंदे भारत ने भी 114.54 फीसदी की कुल ऑक्यूपेंसी दर्ज की है। रेलवे के आधिकारिक दस्तावेजों में दर्ज वित्त वर्ष 2025-26 के आंकड़े वंदे भारत की बढ़ती मांग की तस्वीर पेश करते हैं। रेलवे बोर्ड के जनसंपर्क निदेशालय की ओर से वंदे भारत ट्रेनों की कमाई,ऑक्यूपेंसी और समयपालन से जुड़ी जानकारी मांगी गई थी। इसके जवाब में टीजी-1 ब्रांच ने अलग-अलग ट्रेनों की ऑक्यूपेंसी का ब्योरा उपलब्ध कराया। इसमें सबसे ज्यादा ऑक्यूपेंसी मंगलुरु सेंट्रल और तिरुवनंतपुरम सेंट्रल के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की मिली। ट्रेन नंबर 20632 (तिरुवनंतपुरम सेंट्रल से मंगलुरु सेंट्रल) की ऑक्यूपेंसी 189.35 फीसदी रही, जबकि ट्रेन नंबर 20631 (मंगलुरु सेंट्रल से तिरुवनंतपुरम सेंट्रल) की ऑक्यूपेंसी 174.77 फीसदी दर्ज की गई। यानी दोनों दिशाओं में इस ट्रेन की ऑक्यूपेंसी 170 फीसदी से अधिक रही। ऑक्यूपेंसी का 100 फीसदी से ऊपर पहुंचना पहली नजर में चौंकाने वाला है। सवाल उठता है कि जब ट्रेन में सीटों की संख्या तय है तो ऑक्यूपेंसी 189 फीसदी कैसे हो सकती है? दरअसल,ऑक्यूपेंसी का मतलब किसी एक समय में ट्रेन में मौजूद यात्रियों की संख्या नहीं, बल्कि पूरी यात्रा के दौरान सीटों के इस्तेमाल से है। लंबी दूरी की ट्रेनों में अलग-अलग स्टेशनों के बीच यात्री उतरते और चढ़ते हैं। एक यात्री के उतरने के बाद उसी सीट पर अगले स्टेशन से दूसरा यात्री सफर शुरू कर सकता है। इस तरह एक ही सीट का अलग-अलग यात्रा खंडों में कई बार इस्तेमाल होता है और कुल ऑक्यूपेंसी 100 फीसदी से अधिक हो सकती है। इसलिए 189.35 फीसदी का मतलब यह नहीं है कि ट्रेन में एक ही समय पर निर्धारित सीटों से लगभग दोगुने यात्री बैठे थे, बल्कि यह उस रूट पर सीटों की कुल मांग और उपयोग का आंकड़ा है।

# दिवाली पर दिल्ली सहित देशभर के कई शहरों में पटाखों से लगी आग

**महाराष्ट्र के पुणे में आग की घटनाओं का इस बार आंकड़ा 94 पहुंचा**



नई दिल्ली। दिवाली पर देशभर में रोशनी और आतिशबाजी के बीच कई शहरों में आग लगने की घटनाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। पटाखों से निकली चिंगारी कहीं दुकानों तक पहुंची, तो कहीं फैक्ट्रियों, गोदामों और रिहायशी परिसरों में आग लग गई। दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर दमकल विभाग को आग बुझाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। कुछ घटनाओं में आग इतनी तेजी से फैली कि उसे नियंत्रित करने के लिए दमकल की कई गाड़ियां तैनात करनी पड़ीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के नजफगढ़ स्थित नांगली सकरावती में एक गारमेंट फैक्ट्री में दिवाली की रात आग भड़क गई। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल विभाग ने 25 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा। कई घंटों तक चले अभियान के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इसी रात नरेला औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में भी आग लग गई, जहां करीब छह दमकल गाड़ियों ने आग बुझाई। शाहदरा के अशोक नगर में रमेश स्टोर आग की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि दुकान के पास कुछ युवक पटाखे जला रहे थे। विरोध के बावजूद आतिशबाजी जारी रही और आग दुकान तक पहुंच गई। इससे वहां रखा सामान नष्ट हो गया। गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक में एक फ्लैट में आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। शुरुआती जानकारी में घर के अंदर रॉकेट पहुंचने को आग की वजह बताया। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाई और लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं विजय नगर औद्योगिक क्षेत्र में नोवा फॉर्म वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड की प्लास्टिक फैक्ट्री में हुई। फैक्ट्री में प्लास्टिक शटरिंग का सामान बड़ी मात्रा में मौजूद था, जिसके चलते आग ने तेजी से फैल गई। आसमान में काले धुएं का गुबार नजर आने लगा। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लखनऊ के छोटा देवी खेड़ा इलाके में दिवाली की रात एक कबाड़ गोदाम में आग लग गई। गोदाम से आग की लपटें उठती देखकर लोगों ने दमकल विभाग को खबर दी। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। काफी प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। नवी मुंबई के तुर्भे सेक्टर-21 स्थित शॉपिंग सेंटर की पहली मंजिल पर सोफा निर्माण की दुकान में आग लग गई। लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। घटना के कारण शॉपिंग सेंटर और आसपास के क्षेत्र में कुछ समय तक अफरा तफरी बनी रही। दुकान में रखे सामान को नुकसान पहुंचा है। पुणे के वडगांव शेरी इलाके में एक अपार्टमेंट में आग लगने की घटना हुई। वहीं, फुरसुंगी क्षेत्र में एक गोदाम भी आग की चपेट में आ गया।

# कोलकाता में काली पूजा के दौरान जमकर हुई आतिशबाजी

**वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर,सूचकांक 600 के पार हुआ**



कोलकाता। काली पूजा के अवसर पर सरकारी प्रतिबंधों और दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जमकर हुई आतिशबाजी के कारण कोलकाता की हवा खतरनाक स्तर पर पहुंच गई। आधी रात के कुछ ही समय बाद शहर की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे महानगर के बड़े हिस्से में दमघोंटू धुंध की घनी चादर छा गई। हालांकि, प्रदूषण के इस खतरनाक स्तर के बावजूद,राहत की बात यह रही कि कोलकाता देश के दस सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल नहीं हुआ। पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, रात दो बजे कोलकाता में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 437 दर्ज किया गया, जिसे खतरनाक श्रेणी में रखा गया है। हवा में सबसे हानिकारक माने जाने वाले सूक्ष्म धूल कणों (पीएम 2.5) का स्तर 293 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा,जबकि पीएम 10 का स्तर 354 माइक्रोग्राम तक पहुंच गया। आतिशबाजी का सबसे अधिक प्रभाव उत्तरी कोलकाता में देखने को मिला। कांकुरगाछी इलाके में एक्यूआई खतरनाक रूप से 610 के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा मानिकतला (538), बेनियापुकुर (528), लेबूतला (491), कोसीपोर (490) और तालतला (469) में भी प्रदूषण का स्तर चिंताजनक रहा। बिधाननगर (साल्ट लेक) क्षेत्र की स्थिति भी बेहद खराब रही। साल्ट लेक के ईई ब्लॉक में सूचकांक 662, डीजे ब्लॉक में 557 और बिधाननगर नगर निगम क्षेत्र में 490 दर्ज किया गया। मध्य कोलकाता में फोर्ट विलियम परिसर के पास वायु गुणवत्ता सूचकांक 484, एल्गिन रोड और हेस्टिंग्स में 462 और मैदान इलाके में 461 रहा। दक्षिण कोलकाता के चक्रबेरिया (478), बालीगंज (474), लेक टेरेस (446), भवानीपुर (432), चेतला (425), ढाकुरिया (397) और साउथ सिटी (362) में भी प्रदूषण का स्तर काफी अधिक रहा। पड़ोसी जिलों में भी हालात खराब रहे। हावड़ा जिले के घुसुड़ी इलाके में पीएम 2.5 का अधिकतम स्तर 500 और बेलूर में 453 दर्ज किया गया। उत्तर 24 परगना जिले के रवींद्र भारती विश्वविद्यालय क्षेत्र में सूचकांक 474 रहा।

# जलवायु परिवर्तन से भारत की खाद्य सुरक्षा पर गहराया संकट

**छह राज्यों में सूखा,हर साल 13 अरब डॉलर का खाद्य नुकसान**



नई दिल्ली। दुनिया में जलवायु परिवर्तन का बढ़ता प्रभाव अब भारत की कृषि व्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन रहा है। बढ़ते तापमान, अनियमित मानसून, सूखा और बाढ़ जैसी चरम मौसमी घटनाओं से फसल उत्पादन को सीधे तौर पर प्रभावित कर रही है। नई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को हर साल करीब 13 अरब अमेरिकी डॉलर का खाद्य नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसकी बड़ी वजह कमजोर भंडारण, परिवहन और कोल्ड चेन व्यवस्था है। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के छह राज्यों में सूखे की घोषणा हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन का असर अब केवल खेतों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी खाद्य आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इससे किसानों की आमदनी घटने के साथ बाजार में खाद्य पदार्थों की उपलब्धता और कीमतों पर भी असर पड़ रहा है। रिपोर्ट में दिल्ली की आजादपुर मंडी का उदाहरण देकर बताया गया है कि वर्ष 2024 में अत्यधिक गर्मी के कारण एक फल विक्रेता को एक ही दिन में एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। सामान्य परिस्थितियों में दो दिन तक सुरक्षित रहने वाले आम गर्मी के कारण एक दिन में ही खराब हुए थे। जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ के अनुसार, देश में करीब एक-तिहाई फल और सब्जियां उपभोक्ताओं तक पहुंचने से पहले ही खराब हो जाती हैं। गर्मी का असर दूध उत्पादन और मिट्टी की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अत्यधिक तापमान के कारण हर साल करीब 2,661 करोड़ का दूध उत्पादन प्रभावित होता है, जो करीब 18 लाख टन के बराबर है। देश की करीब 40 प्रतिशत पशुधन आबादी चरम मौसम के प्रति संवेदनशील है। कमजोर कोल्ड चेन के चलते फल-सब्जियों का करीब 40 प्रतिशत और अनाज का 5 से 6 प्रतिशत हिस्सा बर्बाद हो जाता है। देश में केवल चार प्रतिशत ताजा कृषि उपज को ही कोल्ड स्टोरेज की सुविधा मिल पाती है। रिपोर्ट के अनुसार, 20 मिलियन हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि बाढ़, सूखे और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हुई है।




# भाई दूज पर्व आज से कल बुधवार दोपहर तक मनेगा

**दीपावली के पांच दिवसीय पर्व का समापन भाई दूज के साथ होता है**



नई दिल्ली। दीपावली के पांच दिवसीय पर्व का समापन भाई दूज के त्यौहार के साथ होता है। भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक का पर्व हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। वहीं, भाई बहनों को उपहार देकर जीवनभर उनकी रक्षा और साथ निभाने का वचन देता हैं। वर्ष 2026 में द्वितीया तिथि दो दिन पड़ने के कारण त्यौहार की तारीख को लेकर असमंजस बना हुआ है। हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 10 नवंबर 2026,मंगलवार को दोपहर 2 बजे शुरू होगी और 11 नवंबर, बुधवार को दोपहर 3 बजकर 53 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि और अपराह्न काल को ध्यान में रखकर भाई दूज का पर्व 11 नवंबर 2026 को मनाया जाएगा। इस दिन भाई को तिलक लगाने का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 10 मिनट से 3 बजकर 20 मिनट तक बताया गया है। बहनें इस अवधि में भाइयों को तिलक लगाकर उनकी खुशहाली और दीर्घायु की कामना कर सकती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भाई दूज को यम द्वितीया भी कहते है। इस पर्व का संबंध सूर्यदेव के पुत्र यमराज और उनकी बहन यमुना से जुड़ा है। पौराणिक कथा के मुताबिक, कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर पहुंचे थे। यमुना ने उनका तिलक कर आरती उतारी और भोजन कराया। बहन के प्रेम से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर तिलक करवाएगा,उस भाई को लंबी उम्र और सुख-समृद्धि प्राप्त होगी। भाई दूज के दिन सुबह स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहनें और भगवान गणेश, विष्णु तथा यमराज का स्मरण करें। इसके बाद रोली, अक्षत, चंदन, फूल, मिठाई,दीपक और नारियल से पूजा की थाली तैयार करें। शुभ मुहूर्त में भाई को आसन पर बैठाकर माथे पर तिलक लगाएं, आरती उतारें और मिठाई खिलाएं। इसके बाद भाई की लंबी उम्र और तरक्की की कामना करें। भाई भी बहन को उपहार देकर उसके प्रति अपना स्नेह व्यक्त करें। मान्यता है कि भाई दूज पर बहन के हाथों से भोजन करना भी शुभ होता है। यह त्यौहार धार्मिक आस्था के साथ भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने और आपसी प्रेम जताने का विशेष अवसर है।

**महिला की हत्या के आरोप में 45 वर्षीय व्यक्ति हुआ गिरफ्तार**

गुवाहाटी। असम पुलिस ने खानापारा स्थित ग्रीन वुड रिसॉर्ट के पास महिला का शव मिलने के मामले में हत्या के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल तलवार (दाओ), एक मैजिक वाहन और उसके कपड़े बरामद किए हैं। असम पुलिस मुख्यालय ने सोमवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सात नवंबर को ग्रीन वुड रिसॉर्ट के पास एक महिला का शव बरामद हुआ था। दिसपुर पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव उसके पति को सौंप दिया था। जांच में मृतका की पहचान जीना बैश्य (पति जीतू बैश्य), निवासी कोइनाधारा, उदय नगर, गुवाहाटी के रूप में हुई। पता चला कि वह एक नवंबर से लापता थीं। इसके बाद महिला के पति जीतू बैश्य ने वशिष्ठ पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी पत्नी की हत्या कर शव को ठिकाने लगा दिया। इस संबंध में वशिष्ठ पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 103(1)/238 के तहत मामला संख्या 427/2026 दर्ज किया गया।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली
भोपाल, मंगलवार 10 नवम्बर 2026
www.rashtriyagarima.com



## सम्पादकीय

### मनमानी के प्रतीक

स्थानीय निवासी अपनी आजीविका, जल स्रोतों, पुश्तैनी जमीनों, और सांस्कृतिक पहचान के हनन का विरोध करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कदम स्थिति को और अधिक बिगाड़ देते हैं। अत: सरकार को संवाद का रास्ता चुनना चाहिए। अरुणाचल प्रदेश में सियांग बांध का विरोध तेज होने के साथ ही सरकार ने युवा आंदोलनकारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। कम-से-कम 47 लोगों पर मुकदमे दायर किए गए हैं। 26 लोग गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें पांच नाबालिग बताए जाते हैं। केंद्र ने रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ियां वहां भेजी हैं। अशांति की स्थिति में प्रशासनिक कार्रवाई के औचित्य से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन बेहतर यह होगा कि वहां के हालात को सिर्फ कानून-व्यवस्था की समस्या ना मानी जाए। समझा जाता है कि सियांग परियोजना पर अमल में तेजी तिब्बत में चीन के बांध बनाने के निर्णय के मद्देनजर लाई गई है। चीन के बांध से संभावित चुनौती का मुकाबला करने की पूर्व-तैयारी अपने-आप में समस्याग्रस्त सोच नहीं है। लेकिन इस दौरान स्थानीय निवासियों की इस राय को अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि सियांग नदी पारंपरिक रूप से उनकी जिंदगी का सहारा रही है। इसलिए उस नदी के बहाव या उसकी प्राकृतिक संचरना में कोई परिवर्तन करने से पहले लोगों की सहमति पाना जरूरी है। वरना, यह परियोजना ऐसे जन असंतोष का कारण बन सकती है, जो चीन से लगे उस सीमाई इलाके में एक स्थायी नासूर बन जाए। मणिपुर गुजरे साढ़े तीन साल से सुलग रहा है। ऐसे में उत्तर-पूर्व के एक और राज्य की आबादी में आक्रोश पैदा करने का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। यह समझने की बात है कि जब स्थानीय निवासी अपनी आजीविका, जल स्रोतों, पुश्तैनी जमीनों, और सांस्कृतिक पहचान के हनन के खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो उनके खिलाफ दमनकारी कदमों का इस्तेमाल स्थिति को और अधिक बिगाड़ देता है। अत: सरकार को तुरंत सभी सख्त कदमों और जबरन फैसले थोपने की प्रवृत्ति पर विराम लगाते हुए व्यापक जन संवाद शुरू करना चाहिए। ग्राम सभाओं, बुद्धिजीवियों, पर्यावरण विशेषज्ञों और प्रभावित नागरिकों को इस प्रक्रिया में समान भागीदार बनाकर उनकी चिंताओं का पारदर्शी समाधान निकाला जाना चाहिए। उससे विकास एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में स्थानीय आवाम की सहभागिता बनाई जा सकेगी। वरना, उस क्षेत्र के लोग सियांग डैम को सत्तातंत्र की मनमानी के प्रतीक रूप में देखते रहेंगे।

## राशिफल



मेष राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे-संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही, लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज आपको अपने करियर में गुरु का सहयोग प्राप्त होगा, आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस दिलाएगा।

वृष राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। अगर आप अपने जीवनसाथी से स्नेह की आशा रखते हैं, तो आज का दिन आपकी आशाओं को पूरा करेगा। आज जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं और अच्छे मौसम का लुत्फ भी उठाएंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। परिवार के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करेंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। इस राशि के लोगों का जीवनसाथी के साथ रिश्ता मधुर बनेगा, साथ ही रात को डिनर के लिए किसी अच्छे रेस्टोरेंट में भी जाएंगे। किसी काम में भाई-बहन से पूरा सपोर्ट मिलने की उम्मीद है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोगों से पूरा सहयोग मिलेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो लोग रोजगार की तलाश में हैं, उन्हें किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। यात्रा के कारण आप थोड़ा थकान महसूस कर सकते हैं, लेकिन शाम तक अच्छा महसूस करेंगे।

सिंह राशि: आज आपका दिन सामान्य बना रहेगा। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, वे किसी सामाजिक कार्यक्रम में जा सकते हैं और वहां आपकी बातों पर सबका ध्यान केंद्रित होगा। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुर रहेंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। बुजुर्गों का प्रेम और आशीर्वाद मिलेगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा। बाहरी यात्राओं का दौर रहेगा और यह यात्रा सुखद भी रहेगी। अपनी ऊर्जा अच्छे कार्यों में लगाएंगे। घर में सुखद वातावरण रहेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी मनोकामना पूरी होगी।

तुला राशि: आज आप काफी ऊर्जावान रहेंगे। आज के दिन किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक स्थिति में लाभ करा सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति कुछ बाधाओं के चलते थोड़े दिन के लिए अटक सकती है, बस आपको धैर्य से काम लेने की जरूरत है। आप अपने खान-पान पर ध्यान रखेंगे, जिससे आपकी सेहत फिट एंड फाइन रहेगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन परिवार वालों के साथ गुजरेगा। इस राशि के छात्रों को परीक्षा में बहुत अच्छे अंक प्राप्त होंगे। दोस्तों के साथ टाइम स्पेंड करने की संभावना बन रही है। व्यापारिक यात्रा फायदेमंद साबित हो सकती है। बच्चों से संबंधित चिंता दूर होगी।

धनु राशि: आज आपके व्यवहार से दूसरे लोग प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य जीवन खुशनुमा बना रहेगा। परिवार के साथ हंसी-खुशी के पल बिताएंगे। वैवाहिक जीवन में समरसता बढ़ेगी। घरेलू उत्तरदायित्व बखूबी निभाएंगे। मित्रों के साथ मनोरंजक यात्रा हो सकती है। घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा भी बनेगी।

मकर राशि:आज ऑफिस में लंबे समय से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, उनका पढ़ाई में मन लगेगा। अगर आप अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे, तो कुछ ऐसे लोग नाराज हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं। बेहतर होगा जिम्मेदारियों को नजरअंदाज न करें।

कुंभ राशि: आज आपका रुझान धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक पंडाल में जाने की योजना बनाएंगे। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को फिर से तरोताजा करने का दिन है। परिवार और मित्रों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। विवाहित लोग अपने जीवनसाथी को खुश करने का प्लान जरूर बनाएंगे।

मीन राशि:आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बनाकर रखें, किसी के मामले में न पड़ें। आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। परिवार के साथ प्रेम बढ़ेगा।

# वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत की विकास गाथा और मोदी सरकार का निर्णायक आर्थिक दृष्टिकोण

**डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा**



आज पूरा विश्व एक अभूतपूर्व संकट, अस्थिरता और युद्धों के दौर से गुजर रहा है। यूरोप में जारी संघर्ष हो या पश्चिम एशिया में गहराता तनाव, आपूर्ति श्रृंखलाएं छिन्न-भिन्न हैं, वैश्विक ऊर्जा बाजार दबाव में है और विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती तथा मुद्रास्फीति की दोहरी मार से जूझ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जहां वैश्विक विकास दर के मात्र 3.1 से 3.2 प्रतिशत के आसपास सीमित रहने का अनुमान जताया है, वहीं ऐसे जटिल और चुनौतीपूर्ण दौर में भारत का विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूती से खड़े रहना किसी आर्थिक चमत्कार से कम नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व, दूरगामी नीतियों और सुधारोन्मुखी शासन का ही प्रत्यक्ष प्रमाण है। आईएमएफ की नवीनतम 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट ने इस पर आधिकारिक मुहर लगाई है। आईएमएफ के ताजा अनुमान के अनुसार, भारत की जीडीपी विकास दर 2026 और 2027, दोनों वर्षों में 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा महज एक सांख्यिकी नहीं है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती और लचीलेपन का साक्षात प्रमाण है। जहां दुनिया की बड़ी-बड़ी महाशक्तियां मंदी की आशंकाओं से घिरी हैं, वहीं भारत वैश्विक आर्थिक वृद्धि के सबसे बड़े इंजन के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश ने नीतिगत निरंतरता और साहसिक संरचनात्मक सुधारों का नया अध्याय देखा है। पीएम गति शक्ति, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति और पूंजीगत व्यय में निरंतर रिकॉर्ड वृद्धि ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर का कायाकल्प कर दिया है। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे संकल्पों ने घरेलू विनिर्माण को अभूतपूर्व संबल प्रदान किया है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) योजनाओं के प्रभाव से आज भारत मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण का वैश्विक केंद्र बन चुका है, जिससे लाखों नए रोजगार सृजित हुए हैं। इसके साथ ही, डिजिटल इंडिया और यूपीआई ने अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाकर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक वित्तीय समावेशन पहुँचाया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत हजारों गैर-जरूरी अनुपालनों को समाप्त कर एमएसएमई, खुदरा व्यापारियों और स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। आज भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है।परंतु, इस आर्थिक विजय यात्रा के बीच एक चिंताजनक और कड़वी सच्चाई की अनदेखी नहीं की जा सकती। जब पूरा विश्व भारत के आर्थिक लचीलेपन की सराहना कर रहा है, तब देश का कुछ हताश विपक्ष बाहरी शक्तियों के साथ मिलकर भारत के आंतरिक सौहार्द और आर्थिक प्रगति को पटरी से उतारने की साजिशों में लिप्त दिखाई देता है। विदेशी मंचों और संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों से परोक्ष वित्तीय व वैचारिक सहायता प्राप्त कर देश में सामाजिक विभाजन पैदा करने, निवेशकों के विश्वास को डिगाने और सरकार के विकासवादी कदमों पर भ्रम फैलाने के सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था को बदनाम करने वाले यह टूलकिट सिंडिकेट भूल जाते हैं कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं और उनका विश्वास प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। देश विरोधी मंसूबे कभी भी भारत की विकास यात्रा को नहीं रोक सकते। भारत की मजबूत घरेलू मांग, बढ़ता मध्यम वर्ग और पारदर्शी नीतियां देश को हर वैश्विक झटके को सहने में सक्षम बना रही हैं। भारत केवल एक बाजार नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था के भविष्य की दिशा तय करने वाली महाशक्ति बन चुका है। हमारे व्यापारी, छोटे उद्यमी और कर्मठ कामगार इस आर्थिक क्रांति के असली ध्वजवाहक हैं।2047 तक विकसित भारत के निर्माण का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को दिया है, यह आर्थिक गति उसी की मजबूत बुनियाद है। चुनौतियों से घिरी दुनिया में भारत एक स्थिर, सुरक्षित और प्रगतिशील प्रकाश स्तंभ बनकर दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। (लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद हैं)

> अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जहां वैश्विक विकास दर के मात्र 3.1 से 3.2 प्रतिशत के आसपास सीमित रहने का अनुमान जताया है, वहीं ऐसे जटिल और चुनौतीपूर्ण दौर में भारत का विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूती से खड़े रहना किसी आर्थिक चमत्कार से कम नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व, दूरगामी नीतियों और सुधारोन्मुखी शासन का ही प्रत्यक्ष प्रमाण है। आईएमएफ की नवीनतम 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट ने इस पर आधिकारिक मुहर लगाई है। आईएमएफ के ताजा अनुमान के अनुसार, भारत की जीडीपी विकास दर 2026 और 2027, दोनों वर्षों में 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा महज एक सांख्यिकी नहीं है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती और लचीलेपन का साक्षात प्रमाण है। जहां दुनिया की बड़ी-बड़ी महाशक्तियां मंदी की आशंकाओं से घिरी हैं, वहीं भारत वैश्विक आर्थिक वृद्धि के सबसे बड़े इंजन के रूप में उभर रहा है।

# कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण



भारत को वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य तक पहुंचाने में कार्बन संग्रहण, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस तकनीक के माध्यम से औद्योगिक संयंत्रों से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड को वायुमंडल में पहुंचने से पहले ही एकत्र किया जाता है। इसके बाद इसका उपयोग उपयोगी उत्पाद बनाने में किया जा सकता है या इसे जमीन के भीतर सुरक्षित रूप से भंडारित किया जा सकता है। इससे न केवल उत्सर्जन में कमी आएगी, बल्कि औद्योगिक प्रतिस्पर्धा और संसाधनों के बेहतर उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार इस क्षेत्र में ऐसा तंत्र विकसित करने पर काम कर रही है, जिसमें अनुसंधान संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी उद्योगों को एक साथ लाया जा रहा है। देश के कई राज्यों में इस तकनीक से जुड़ी परियोजनाएं संचालित हैं, जबकि कुछ निर्माणाधीन और प्रस्तावित चरण में हैं। इन पहलों का उद्देश्य स्वदेशी कार्बन संग्रहण तकनीक, कार्बन के उपयोग और सुरक्षित भंडारण की क्षमता विकसित करना है। कठिन उद्योगों के उत्सर्जन में कमी का प्रभावी माध्यम भारत की वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन की यात्रा के लिए ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्रों से कार्बन उत्सर्जन घटाना आवश्यक है। नवीकरणीय ऊर्जा से उत्सर्जन में काफी कमी लाई जा सकती है, लेकिन कुछ औद्योगिक प्रक्रियाओं में अत्यधिक तापमान अथवा कार्बन आधारित कच्चे माल की आवश्यकता होती है। ऐसे उद्योगों का पूरी तरह विद्युतीकरण करना आसान नहीं है। कार्बन संग्रहण, उपयोग और भंडारण तकनीक इन क्षेत्रों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने का अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध कराती है। नीति आयोग ने इस्पात, सीमेंट, तेल एवं गैस, पेट्रोरसायन, रसायन और उर्वरक जैसे क्षेत्रों में उत्सर्जन कम करने के लिए इस तकनीक को महत्वपूर्ण माना है। ये उद्योग औद्योगिक उत्सर्जन में बड़ा योगदान देते हैं और इनके उत्सर्जन को व्यापक स्तर पर कम करना तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है। सीसीयूएस तकनीक मौजूदा संयंत्रों से उत्सर्जन घटाने के साथ आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन जारी रखने में भी मदद कर सकती है। इससे नई तकनीकों, बुनियादी ढांचे और औद्योगिक क्षमताओं के विकास के अवसर भी पैदा होंगे। कार्बन संग्रहण से सुरक्षित भंडारण तक की प्रक्रिया कार्बन संग्रहण, उपयोग और भंडारण की प्रक्रिया मुख्य रूप से तीन चरणों में पूरी होती है। पहले चरण में औद्योगिक संयंत्रों से निकलने वाली गैसों से कार्बन डाइऑक्साइड को अलग किया जाता है। इसके लिए विशेष संग्रहण प्रणालियों का उपयोग होता है। एकत्र की गई गैस को शुद्ध और सुखाने के बाद दबाव के साथ सघन रूप में तैयार किया जाता है, ताकि इसे आगे परिवहन या उपयोग के लिए भेजा जा सके। दूसरे चरण में संग्रहित कार्बन डाइऑक्साइड को उपयुक्त स्थान तक पहुंचाया जाता है। इसके लिए सामान्यत: पाइपलाइन का उपयोग किया जाता है। लंबी दूरी तक परिवहन के लिए जहाज और अन्य साधन भी उपयोगी हो सकते हैं। परिवहन का माध्यम दूरी, मात्रा, उपलब्ध बुनियादी ढांचे और गंतव्य के आधार पर तय किया जाता है। तीसरे चरण में एकत्र कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग उपयोगी उत्पाद बनाने में किया जाता है अथवा इसे जमीन के भीतर स्थायी रूप से भंडारित किया जाता है। इसका उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थ, यूरिया, हरित मेथनॉल, कंक्रीट और उन्नत तेल पुनर्प्राप्ति जैसी प्रक्रियाओं में किया जा सकता है। स्थायी भंडारण के लिए कार्बन डाइऑक्साइड को जमीन के काफी नीचे स्थित उपयुक्त भूगर्भीय संरचनाओं में पहुंचाया जाता है। इनमें समाप्त हो चुके तेल एवं गैस भंडार, गहरे खारे जल वाले भूस्तर और बेसाल्ट चट्टानों की संरचनाएं शामिल हैं। क्षेत्रीय केंद्रों और साझा ढांचे पर जोर भारत में सीसीयूएस के विकास के लिए क्षेत्रीय केंद्रों और औद्योगिक समूहों की अवधारणा पर काम किया जा रहा है। इसके तहत कई औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड को एकत्र कर साझा पाइपलाइन और परिवहन नेटवर्क के माध्यम से उपयोग अथवा भंडारण स्थलों तक पहुंचाया जा सकता है। नीति आयोग ने भारत के लिए इस केंद्र आधारित व्यवस्था को उपयुक्त माना है। इससे बड़े स्तर पर लागत कम करने, बुनियादी ढांचे से जुड़े जोखिम घटाने और कार्बन डाइऑक्साइड की उपलब्धता को संभावित मांग से जोड़ने में मदद मिल सकती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वर्ष 2025 के सीसीयूएस कार्ययोजना दस्तावेज में ऐसे औद्योगिक और भूगर्भीय क्षेत्रों की पहचान की गई है, जहां इस प्रकार के केंद्र विकसित किए जा सकते हैं। इनमें रिफाइनरी और रासायनिक उद्योगों की अधिकता वाला गुजरात का तटीय क्षेत्र, इस्पात और सीमेंट उद्योगों वाला ओडिशा-झारखंड क्षेत्र तथा तेल एवं गैस संसाधनों से जुड़ा पूर्वोत्तर भारत शामिल है। इस्पात, सीमेंट और ताप विद्युत क्षेत्र को मिलेगा लाभ इस्पात, सीमेंट, रिफाइनरी, रसायन और उर्वरक जैसे उद्योगों में उत्पादन प्रक्रिया के दौरान सीधे कार्बन डाइऑक्साइड निकलती है। केवल नवीकरणीय ऊर्जा से चलने वाली बिजली अपनाने से इन उत्सर्जनों को पूरी तरह समाप्त करना कठिन हो सकता है। उपलब्ध अनुमान के अनुसार, इन कठिन उद्योगों और ताप विद्युत उत्पादन से होने वाला उत्सर्जन वर्ष 2030 तक लगभग 2,300 मिलियन टन प्रतिवर्ष पहुंच सकता है। ऐसे में कार्बन संग्रहण और उसका सुरक्षित उपयोग महत्वपूर्ण हो जाता है। अगस्त 2026 तक भारत की कुल स्थापित विद्युत क्षमता में जीवाश्म ईंधन आधारित स्रोतों की हिस्सेदारी 45.12 प्रतिशत थी। स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव के दौरान मौजूदा ऊर्जा और औद्योगिक ढांचे का उपयोग जारी रहने की संभावना है। इसलिए ताप विद्युत संयंत्रों और उद्योगों से होने वाले उत्सर्जन को नियंत्रित करना भी जरूरी होगा। सीसीयूएस प्रणालियों को मौजूदा ताप विद्युत, इस्पात और सीमेंट संयंत्रों में स्थापित कर उत्सर्जन कम करने की संभावनाएं हैं। निम्न कार्बन हाइड्रोजन उत्पादन में भी उपयोगी कार्बन संग्रहण तकनीक भारत में निम्न कार्बन हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था विकसित करने में भी सहायक हो सकती है। कोयला गैसीकरण के माध्यम से हाइड्रोजन उत्पादन के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड को एकत्र कर उसका सुरक्षित उपयोग या भंडारण किया जा सकता है। कोयला गैसीकरण में नियंत्रित ताप के जरिए ठोस कोयले को उपयोगी गैस में बदला जाता है। इस गैस को संश्लेषण गैस कहा जाता है। इस प्रक्रिया में कोयला सीमित मात्रा में ऑक्सीजन और भाप के साथ प्रतिक्रिया करता है। सामान्यत: 800 से 1,600 डिग्री सेल्सियस तापमान पर कोयले की जटिल संरचना टूटकर सरल गैसों में परिवर्तित होती है। इसके दो स्थापित तरीके हैं। पहला, सतही कोयला गैसीकरण, जिसमें जमीन से निकाले गए कोयले को गैसीकरण संयंत्रों में संसाधित किया जाता है। दूसरा, भूमिगत कोयला गैसीकरण, जिसमें कोयले को जमीन के भीतर ही गैस में बदला जाता है। हरित हाइड्रोजन का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त बिजली के जरिए पानी के विद्युत अपघटन से किया जाता है, जबकि नीले हाइड्रोजन के उत्पादन में प्राकृतिक गैस या कोयले जैसे कच्चे माल का उपयोग किया जाता है। कार्बन संग्रहण तकनीक के साथ नीले हाइड्रोजन के उत्पादन से उत्सर्जन कम करने में मदद मिल सकती है। कार्बन डाइऑक्साइड से उपयोगी उत्पाद बनाने की संभावनाएं सीसीयूएस व्यवस्था के अंतर्गत एकत्र कार्बन डाइऑक्साइड को केवल भंडारित करने के बजाय विभिन्न औद्योगिक उत्पादों के निर्माण में कच्चे माल के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके संभावित उपयोगों में कंक्रीट और निर्माण सामग्री, कृत्रिम ईंधन, रसायन, बहुलक, उन्नत तेल पुनर्प्राप्ति तथा शैवाल आधारित जैव ईंधन और अन्य उत्पाद शामिल हैं। इससे कार्बन प्रबंधन के साथ औद्योगिक मूल्यवर्धन और संसाधनों के बेहतर उपयोग के अवसर पैदा हो सकते हैं। कार्बन डाइऑक्साइड को उपयोगी उत्पादों में बदलने की यह प्रक्रिया चक्रीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहित कर सकती है। कोयला गैसीकरण संयंत्रों में दो परीक्षण परियोजनाओं को समर्थन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के सहयोग से दो प्रौद्योगिकी परीक्षण परियोजनाओं को समर्थन दिया है। इनमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली और थर्मेक्स लिमिटेड तथा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के बीच सहयोग शामिल है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य कोयला गैसीकरण संयंत्रों में मेथनॉल और डाइमिथाइल ईथर के उत्पादन के लिए परीक्षण स्तर पर तकनीक विकसित करना है। इनके माध्यम से उद्योग और अनुसंधान संस्थान मिलकर ताप विद्युत जैसे कठिन क्षेत्रों में कार्बन संग्रहण एवं उपयोग तकनीक के प्रयोग को आगे बढ़ाएंगे। आईआईटी मुंबई में देश की पहली एकीकृत प्रयोगशाला मई 2026 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई में देश की पहली एकीकृत कार्बन संग्रहण, उपयोग एवं भंडारण क्षेत्रीय प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। यह प्रयोगशाला एक ही परीक्षण मंच पर कार्बन संग्रहण, उपयोग और स्थायी भूगर्भीय भंडारण की सुविधाएं उपलब्ध कराती है। यह स्वदेशी संयंत्र औद्योगिक उत्सर्जन और आसपास की हवा से प्रतिदिन तीन टन तक कार्बन डाइऑक्साइड एकत्र कर सकता है। इसमें गैर-पेयजल का उपयोग करके एकत्र कार्बन डाइऑक्साइड को उपयोगी कार्बोनेट और बाइकार्बोनेट उत्पादों में बदला जा सकता है। दक्कन क्षेत्र की बेसाल्ट चट्टानों में वैज्ञानिक ड्रिलिंग के माध्यम से सुरक्षित और स्थायी कार्बन भंडारण की संभावनाओं का भी आकलन किया जाएगा। यह प्रयोगशाला स्वदेशी कार्बन प्रबंधन तकनीकों के विकास और विस्तार के लिए राष्ट्रीय परीक्षण केंद्र के रूप में काम करेगी। कार्बन प्रबंधन के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान केंद्र सरकार ने कार्बन संग्रहण, उपयोग और भंडारण तकनीक को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान, वित्तपोषण, नीति और उद्योग से जुड़ी कई पहल की हैं। केंद्रीय बजट 2026-27 में पांच प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों—बिजली, इस्पात, सीमेंट, रिफाइनरी और रसायन—में इस तकनीक को प्रोत्साहित करने के लिए पांच वर्षों में 20 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने दिसंबर 2025 में सीसीयूएस अनुसंधान एवं विकास कार्ययोजना शुरू की थी। इसमें तकनीक को व्यावसायिक स्तर तक पहुंचाने, नई प्रौद्योगिकियों के विकास, वित्तपोषण और इनके उपयोग के लिए आवश्यक व्यवस्था तैयार करने पर जोर दिया गया है। नीति आयोग ने नवंबर 2022 में जारी अपनी नीति रूपरेखा में कठिन उद्योगों से उत्सर्जन कम करने के लिए सीसीयूएस को महत्वपूर्ण विकल्प बताया था। इसके अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के समर्थन से वर्ष 2022 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई और जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र, बेंगलुरु में राष्ट्रीय सीसीयूएस केंद्र स्थापित किए गए।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली
भोपाल, मंगलवार 10 नवम्बर 2026
www.rashtriyagarima.com



## तृषा कृष्णन बनेंगी जयललिता? दिग्गज अभिनेता और नेता एमजीआर की बायोपिक पर बड़ा अपडेट



तमिल फिल्मों के दिग्गज अभिनेता और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन (एमजीआर) की जिंदगी पर फिल्म बनने जा रही है। फिल्म का नाम पुराची थलाइवर एमजीआर रखा गया है। इसमें अभिनेत्री तृषा कृष्णन के दिवंगत नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता का किरदार निभाने की चर्चा है। अभिनेता जेएम बशीर ने खुलासा किया कि इस भूमिका के लिए तृषा से बातचीत चल रही है। हालांकि, अभी उनके नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

अभिनेता जेएम बशीर ने बताया कि निर्माता तृषा के साथ जयललिता के रोल के लिए बातचीत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी बेटी की तृषा से अच्छी दोस्ती है और दोनों एक साथ फिल्म में काम भी कर रही हैं।

बशीर के मुताबिक, अगर तृषा ये रोल करती हैं तो बहुत अच्छा रहेगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने भरोसा जताया कि एमजीआर पर इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को बनाने में उनके सामने कोई बाधा नहीं है।

बशीर ने थलापति विजय की तारीफ कर उन्हें भविष्य का संभावित प्रधानमंत्री बताया। उधर तृषा हमेशा से पर्दे पर जयललिता का किरदार निभाने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर करती रही हैं।साल 2017 में फैंस से बातचीत के दौरान जब उनसे कल्पना चावला, जयललिता और मर्लिन मनरो में से एक चुनने को कहा गया तो उन्होंने जयललिता को चुना था।

दिलचस्प बात है कि तृषा और जयललिता दोनों ने चेन्नई के एक ही स्कूल चर्च पार्क से पढ़ाई की है।

एमजीआर की इस बायोपिक में एम करुणानिधि और सीएन अन्नादुरई जैसे बड़े नेताओं के किरदार भी दिखेंगे, जिनकी कास्टिंग चल रही है।

बशीर के मुताबिक ये फिल्म एमजीआर के सिनेमा से लेकर राजनीति तक के पूरे सफर को दिखाएगी।

शूटिंग चेन्नई के रामापुरम में शुरू होने वाली है। हालांकि, फिल्म के निर्देशक और संगीतकार के नाम का ऐलान होना अभी बाकी है। पसुमपोन थेवर की बायोपिक के बाद बशीर का ये दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट है।

## रणबीर कपूर की रामायण में नहीं चली सेंसर बोर्ड की कैंची, 3 घंटे 15 मिनट की होगी फिल्म, 5 नवंबर को दुनियाभर में होगी प्रदर्शित

रणबीर कपूर, यश और साई पल्लवी की बहुप्रतीक्षित पौराणिक फिल्म 'रामायण' की रिलीज को लेकर दर्शकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी यह भव्य फिल्म 5 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। रिलीज से पहले फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से बिना किसी कट के 'यू' प्रमाणपत्र मिल गया है। इसका अर्थ है कि फिल्म को पूरा परिवार एक साथ देख सकता है।

बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फिल्म की प्रमाणन प्रक्रिया 30 अक्टूबर को पूरी हुई। फिल्म की कुल अवधि 3 घंटे 15 मिनट रखी गई है। प्रमाणन बोर्ड के विवरण में बताया गया है कि रावण के अत्याचार बढ़ने पर भगवान विष्णु श्रीराम के रूप में अवतार लेते हैं। पिता के वचन का पालन करने के लिए श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के साथ वनवास जाते हैं। वनवास के दौरान रावण सीता का हरण कर लेता है, जिसके बाद श्रीराम और रावण के बीच युद्ध होता है।

फिल्म को लेकर सिनेमाघरों में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। खबरों के मुताबिक, 4 नवंबर को फिल्म के करीब 300 विशेष सशुल्क प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इन प्रदर्शनों के लिए दर्शकों को सामान्य टिकट दरों से अलग भुगतान करना होगा। फिल्म की आधिकारिक रिलीज से एक दिन पहले होने वाले इन



विशेष प्रदर्शनों से शुरुआती कमाई को लेकर भी उम्मीदें जताई जा रही हैं।

'रामायण' को भारत में आईमैक्स त्रिआयामी तकनीक में भी प्रदर्शित किया जाएगा। फिल्म को लेकर सिनेमाघरों में आईमैक्स पर्दों की मांग बढ़ने की खबर है। बताया जा रहा है कि सिनेमाघरों की प्राथमिकता में 'रामायण' को जगह मिलने के कारण अन्य फिल्मों को पर्याप्त पर्दे मिलने में परेशानी हो सकती है। इसी वजह से हॉलीवुड फिल्म 'गॉडजिला माइनस जीरो' की प्रस्तावित रिलीज आगे बढ़ाकर 20 नवंबर किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के संयुक्त निर्माण में बनी इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान श्रीराम, साई पल्लवी माता सीता और यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में सनी देओल, रवि दुबे, रकुल प्रीत सिंह, अरुण गोविल और लारा दत्ता सहित कई प्रमुख कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

निर्माताओं ने फिल्म को बड़े स्तर पर दर्शकों तक पहुंचाने की तैयारी की है। 'रामायण' हिंदी, तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और अंग्रेजी भाषाओं में प्रदर्शित होगी। इसे सामान्य द्विआयामी और त्रिआयामी पर्दों के साथ आईमैक्स त्रिआयामी, फोर-डी-एक्स त्रिआयामी और स्क्रीन-एक्स प्रारूपों में भी रिलीज किया जाएगा।

## रामायण में शूर्पणखा क्यों बनीं रकुल प्रीत? बोलीं- वो सिर्फ खलनायिका नहीं, उसे गलत समझा गया

नितेश तिवारी की आगामी फिल्म रामायण: राइज ऑफ अ लेजेंड में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा का किरदार निभाती नजर आएंगी। रकुल ने ये रोल चुनने की वजह बताते हुए कहा कि शूर्पणखा का किरदार काफी उलझा हुआ और गहराई से भरा है, जिसे अक्सर लोगों ने गलत समझा है। इतिहास में भले ही उन्हें सिर्फ एक घटना के लिए याद किया जाता हो, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण किरदार के कई अलग-अलग पहलू भी हैं।

रकुल ने बताया कि भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पेश करने का मौका मिलना उनके लिए इस फिल्म से जुड़ने की सबसे बड़ी वजहों में से एक था।

रकुल बोलीं, मेरे लिए इस फिल्म में सबसे ज्यादा रोमांचक 2 बातें थीं। पहली ये कि यह दुनिया के सामने भारत, हमारे इतिहास और हमारी सच्चाई का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली वैश्विक फिल्म है और दूसरी यह कि शूर्पणखा का किरदार काफी जटिल है।

रकुल का कहना है कि रामायण में शूर्पणखा का



किरदार काफी जटिल है और इसे अक्सर गलत समझा गया है। रामायण के युद्ध की शुरुआत वही वजह बनी थी, इसलिए इसके अलग-अलग रंगों को पर्दे पर जीना बहुत दिलचस्प रहा।

रकुल ने सोशल मीडिया पर एक फैन के खत का जवाब देते हुए भी बताया था कि शूर्पणखा के रोल की इसी गहराई और चुनौती ने उन्हें ये फिल्म साइन करने के लिए प्रेरित किया।

रामायण में रावण की बहन शूर्पणखा की भूमिका बेहद अहम है, जो भगवान राम और रावण के बीच युद्ध की वजह बनती है।

राम और लक्ष्मण से मुलाकात के बाद वो रावण के पास जाती है, जिसके बाद सीता हरण और बड़ा युद्ध होता है।

रकुल के बयान से साफ है कि फिल्म में शूर्पणखा को केवल युद्ध की वजह के रूप में नहीं, बल्कि उसकी पूरी कहानी और सोच को गहराई से दिखाया जाएगा।

## ईठा से रणदीप हुड्डा का फर्स्ट लुक आउट, श्रद्धा कपूर की फिल्म में निभाएंगे मर्चेंट का किरदार

ईठा का ट्रेलर जल्द रिलीज होने वाला है. ट्रेलर रिलीज से पहले मेकर्स ने फैंस को फिल्म के एक किरदार से रूबरू कराया है. उन्होंने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी कर रणदीप हुड्डा की मौजूदगी की पुष्टि की है. मेकर ने बताया है कि रणदीप फिल्म में किसका किरदार निभाने वाले हैं.

मैडॉक फिल्म्स ने ईठा से रणदीप हुड्डा का फर्स्ट लुक जारी किया. पोस्टर में रणदीप व्हाइट शर्ट पहने अपनी मूंछ को ताव देते नजर आ रहे हैं. वहीं, बैकग्राउंड में श्रद्धा कपूर और रणदीप के कनेक्शन की एक झलक भी दिखाई गई है.इस शानदार फर्स्ट लुक को जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, ईठा के दिल पर राज करने आ रहे हैं मर्चेंट. मर्चेंट के रूप में प्रस्तुत हैं रणदीप हुडा. ईठा का ट्रेलर कल रिलीज होगा. सिनेमाघरों में 4 दिसंबर, 2026 को.ईठा के मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एलान किया कि श्रद्धा अभिनीत इस फिल्म का ट्रेलर जल्द रिलीज किया जाएगा. फिल्म की एक झलक साझा करते हुए उन्होंने लिखा, बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार. इस शुक्रवार ईठा का ट्रेलर आ रहा है.

## पंकज त्रिपाठी-अदिति राव हैदरी की पारिवारिक मनुरंजन ओटीटी पर देगी दस्तक, 13 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होगी

अभिनेता पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी पहली बार फिल्म 'पारिवारिक मनोरंजन' में एक साथ नजर आने वाले हैं। हल्के-फुल्के हास्य और रोमांस से भरपूर इस पारिवारिक फिल्म की डिजिटल प्रसारण तारीख घोषित कर दी गई है। फिल्म का प्रीमियर 13 नवंबर 2026 को सोनी लिव पर होगा। दर्शक इसे मंच की सशुल्क सदस्यता के माध्यम से देख सकेंगे।




फिल्म का टीजर कुछ दिन पहले ही सामाजिक माध्यमों पर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों के सामने एक मनोरंजक पारिवारिक कहानी की झलक के रूप में पेश किया गया है। फिल्म का निर्देशन वरुण वी. शर्मा ने किया है। इसके निर्माता विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, हिमांशु किशन मेहरा और एलिसिया जफर हैं।

फिल्म के टीजर में पारिवारिक संबंधों, आपसी जुड़ाव और रोजमर्रा की जिंदगी में सामने आने वाली परिस्थितियों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। कहानी इस बात के इर्द-गिर्द बुनी गई है कि किस तरह छोटी-छोटी घटनाएं लोगों को एक-दूसरे के करीब लाती हैं और परिवार के सदस्यों के बीच रिश्तों को मजबूत बनाती हैं।

निर्माताओं का प्रयास है कि दर्शकों को ऐसी मनोरंजक कहानी देखने को मिले, जिसका आनंद वे अपने परिवार और प्रियजनों के साथ उठा सकें। पंकज त्रिपाठी और अदिति राव हैदरी की पहली साझा फिल्म होने के कारण इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता है।

## मिर्जापुर: द मूवी का ओटीटी पर हुआ प्रीमियर, अमेजन प्राइम वीडियो पर दिखेगा मुन्ना-गुड्डू का भौकाल

अली फजल और पंकज त्रिपाठी की चर्चित फिल्म 'मिर्जापुर: द मूवी' ने अब डिजिटल मंच पर दस्तक दे दी है। फिल्म का विस्तारित संस्करण दर्शकों के लिए अमेजन प्राइम वीडियो पर जारी कर दिया गया है। 'मिर्जापुर' धारावाहिक के तीन सफल सीजन के बाद निर्माताओं ने इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर पेश किया था। गुरमीत सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म 4 सितंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई थी और इसने दुनियाभर में करीब 339 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।




फिल्म अब अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। खास बात यह है कि इस मंच पर 'मिर्जापुर' धारावाहिक के तीनों सीजन भी दर्शक देख सकते हैं। विस्तारित संस्करण में दर्शकों को फिल्म का अतिरिक्त फुटेज और कहानी के कुछ और पहलुओं को देखने का अवसर मिलेगा।फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस अपराध और मारधाड़ से भरपूर फिल्म की कहानी पूर्वांचल की सत्ता, गद्दी और राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में अपराध जगत, आपसी दुश्मनी और बदले की कहानी को आगे बढ़ाया गया है।फिल्म में दिव्येंदु एक बार फिर मुन्ना भैया के किरदार में नजर आए हैं, जबकि अली फजल ने गुड्डू पंडित की भूमिका निभाई है। जितेंद्र कुमार बबलू पंडित के किरदार में दिखाई दिए हैं। इनके अलावा पंकज त्रिपाठी और रवि किशन भी फिल्म की कहानी के अहम हिस्से हैं।'मिर्जापुर' के तीन सीजन के बाद फिल्म के रूप में आगे बढ़ी इस कहानी को दर्शकों से अच्छा प्रतिसाद मिला था। अब विस्तारित संस्करण के डिजिटल मंच पर आने से धारावाहिक के प्रशंसकों को एक बार फिर अपने पसंदीदा किरदारों और पूर्वांचल की सत्ता की लड़ाई से जुड़ने का मौका मिलेगा।

## रोजाना एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे? ब्लड शुगर को नियंत्रित करने के लिए अपनाएं ये तरीके

ब्लड शुगर का असंतुलित स्तर मधुमेह का कारण बन सकता है, जो एक गंभीर बीमारी है। अगर आप रोजाना एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं तो इस स्थिति में आपका खान-पान काफी हद तक आपकी मदद कर सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हैं, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में मदद कर सकते हैं और मधुमेह के जोखिम को कम कर सकते हैं।



### डार्क चॉकलेट का सेवन करें

डार्क चॉकलेट में मौजूद विशेष तत्व ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त डार्क चॉकलेट का सेवन इंसुलिन की क्षमता को सुधार सकता है। यह मधुमेह के लक्षणों को कम करने और हानिकारक तत्वों को कम करने में भी मदद कर सकता है।

लाभ के लिए 70 प्रतिशत कोको युक्त डार्क चॉकलेट का सेवन करें। चॉकलेट का सेवन संतुलित मात्रा में करें।

### दालचीनी भी है लाभदायक

दालचीनी एक ऐसा मसाला है, जो ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। यह शरीर में इंसुलिन के प्रभाव को बढ़ाकर ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है।

इसके अतिरिक्त दालचीनी में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। दालचीनी का उपयोग अपने रोजमर्रा के भोजन में शामिल कर सकते हैं।

### एवोकाडो का करें सेवन

एवोकाडो में ऐसे तत्व होते हैं, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद खास तत्व मधुमेह के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं।

लाभ के लिए रोजाना सुबह खाली पेट एक एवोकाडो खाएं या फिर इसे अपनी किसी भी व्यंजन का हिस्सा बना सकते हैं। एवोकाडो के सेवन से आपको अन्य कई फायदे भी मिल सकते हैं।

### नींबू पानी पिएं

नींबू पानी में विटामिन-सी, विशेष तत्व और खनिज होते हैं, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त नींबू पानी पाचन क्रिया को बेहतर बनाने, शरीर से हानिकारक तत्व बाहर निकालने और वजन नियंत्रित करने में भी मदद कर सकता है।

लाभ के लिए रोजाना सुबह खाली पेट एक गिलास पानी में आधा नींबू निचोड़े और उसमें थोड़ा शहद मिलाकर पिएं। नींबू पानी का सेवन आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है।

### लहसुन भी है फायदेमंद

लहसुन में ऐसे गुण होते हैं, जो ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं। यह गुण इंसुलिन की क्षमता को सुधार सकता है और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।

इसके अतिरिक्त लहसुन के सेवन से कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को भी नियंत्रित किया जा सकता है।

लाभ के लिए रोजाना खाली पेट एक लहसुन की कली खाएं। लहसुन का सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।

## नवजात शिशु के माता-पिता हैं तो इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, होगा फायदा

नवजात शिशु के माता-पिता के लिए यह समय बहुत खास होता है। इस दौरान कई नई जिम्मेदारियां और चुनौतियां सामने आती हैं। सही जानकारी और सावधानी बरतने से आप अपने बच्चे की देखभाल बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस लेख में हम कुछ अहम बातें साझा करेंगे, जो आपको और आपके नवजात शिशु को स्वस्थ और खुश रखने में मदद करेंगी। इन सुझावों का पालन करके आप अपने बच्चे की देखभाल आसानी से कर पाएंगे।

### बच्चे को मां का दूध पिलाएं

नवजात शिशु के लिए मां का दूध बहुत जरूरी है। यह न केवल उन्हें पोषण देता है, बल्कि उनकी रोगों से लडने की क्षमता को भी मजबूत बनाता है।मां का दूध बच्चे को बीमारियों से बचाने में मदद करता है और उनका विकास भी सही तरीके से होता है।इसके अलावा यह मां और बच्चे के बीच का संबंध भी मजबूत करता है। इसलिए जन्म के तुरंत बाद से ही बच्चे को मां का दूध पिलाना शुरू करें।

### साफ-सफाई का रखें ध्यान

बच्चे की सफाई बहुत जरूरी है। उनके हाथ-पैर और चेहरे को रोजाना साफ करें।इसके अलावा उनके कपड़े, बिस्तर और खिलौने भी साफ रखें ताकि बीमारियों का खतरा कम हो सके। नवजात शिशु की त्वचा बहुत नाजुक होती है, इसलिए उन्हें गुनगुने पानी से धोएं और मुलायम कपड़े का उपयोग करें।बच्चों को बीमारियों से बचाने के



लिए उनके आसपास की जगह को साफ-सुथरा रखना जरूरी है। नियमित रूप से हाथ धोने की आदत डालें।

### टीकाकरण कराएं

बच्चे को समय-समय पर टीकाकरण कराना बहुत जरूरी है ताकि वह विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रह सके। डॉक्टर द्वारा बताए गए सभी टीकों का पूरा कोर्स पूरा कराएं।

इसके अलावा डॉक्टर की सलाह पर अन्य जरूरी जांच भी करवाएं। नवजात शिशु की रोगों से लडने की क्षमता बहुत कमजोर होती है, इसलिए उन्हें समय पर टीकाकरण कराने से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इससे बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है और वह स्वस्थ रहता है।

### अच्छी नींद जरूरी है

बच्चे की अच्छी नींद बहुत जरूरी होती है। उन्हें आरामदायक बिस्तर पर सोने दें और शोर-शराबे से दूर रखें ताकि वे अच्छी तरह सो सकें।

नवजात शिशु को दिन में कई बार छोटी-छोटी झपकी लेने दें और रात में भी पूरी नींद दिलाने की कोशिश करें।

इसके अलावा उन्हें शांत और सुरक्षित माहौल में सुलाएं ताकि वे आराम महसूस करें। नवजात शिशु की नींद उनकी सेहत के लिए बहुत जरूरी होती है।

### सही खान-पान अपनाएं

बच्चे का खान-पान सही होना चाहिए ताकि वह स्वस्थ रह सके। अगर आप मां का दूध नहीं पिला पा रही हैं तो डॉक्टर की सलाह पर फार्मूला दूध दें।

इसके अलावा धीरे-धीरे अन्य पोषक तत्वों जैसे फल, सब्जियां आदि शामिल करें। नवजात शिशु का खान-पान उसकी सेहत के लिए बहुत अहमियत रखता है।

इन सभी बातों को अपनाकर आप अपने नवजात शिशु की देखभाल बेहतर तरीके से कर सकते हैं और उसे स्वस्थ रख सकते हैं।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली



# एनवीडिया सीईओ हुआंग चीनी जासूस के प्रेम जाल में फंसे, डेटा लीक का आरोप



वाशिंगटन। विश्व की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग एक गंभीर विवाद में घिर गए हैं। उन पर एक चीनी जासूस से प्रेम प्रसंग रखने, अपनी पत्नी को धोखा देने और कंपनी की संवेदनशील जानकारियों के लीक होने का आरोप है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, एनवीडिया के बोर्ड ने एक स्वतंत्र जांच शुरू कर दी है, जिससे 4.5 ट्रिलियन डॉलर की इस कंपनी के भविष्य पर सवाल उठ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह पूरा मामला तब सामने आया जब ऐलिस हुआंग नामक एक चीनी बिजनेसवुमन से जेन्सेन हुआंग के करीबी रिश्तों का खुलासा किया। ऐलिस, जो सिंगापुर की कंपनी मेगास्पीड की पूर्व एग्जीक्यूटिव रह चुकी हैं, अमेरिकी अधिकारियों की जांच में चीनी खुफिया तंत्र से जुड़ी पाई गईं। रिपोर्टों के मुताबिक जून 2024 में ताइपे के एक बार में जेन्सेन और ऐलिस को पहली बार एक साथ देखा गया था, जिसके बाद मेगास्पीड ने एनवीडिया से कई अरब डॉलर के अत्याधुनिक एआई माइक्रोचिप्स खरीदने का सौदा किया। अमेरिकी जांच एजेंसियों का मानना है कि ऐलिस को चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय ने एनवीडिया के प्रमुख से गोपनीय जानकारी जुटाने और अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित हाई-एंड चिप्स चीन को बेचने के लिए काम पर रखा था। उल्लेखनीय है कि एआई की वैश्विक होड़ के बीच, बाइडेन प्रशासन ने चीन को एनवीडिया के हाई-एंड चिप्स बेचने पर रोक लगा रखी है। इन आरोपों के बीच जेन्सेन हुआंग ने अमेरिकी न्यूज वेबसाइट को भेजे एक ईमेल में इस प्रेम प्रसंग को कबूल किया। उन्होंने लिखा- मुझे अपने परिवार से माफी मांगनी चाहिए। मैंने अपनी पत्नी के साथ बेवफाई की है और मेरे काम की वजह से बच्चों और पत्नी को दुख पहुंचा है। उन्होंने अपनी गलतियों की पूरी जिम्मेदारी ली और हर तरह की आलोचना स्वीकार की। रिपोर्ट के मुताबिक एनवीडिया के बोर्ड ने एक बयान जारी कर कहा है कि सीईओ हुआंग किसी विदेशी खुफिया गतिविधि का निशाना बने हो सकते हैं और कंपनी इस मामले में पूरी पारदर्शिता बनाए रखेगी। यह जांच न केवल कॉर्पोरेट गवर्नेंस बल्कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी अहम है, क्योंकि एनवीडिया के चिप्स वैश्विक एआई उद्योग की रीढ़ हैं। हालांकि, बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि फिलहाल उसके पास ऐसा कोई कारण नहीं है जिससे यह माना जाए कि एनवीडिया के गोपनीय राज या अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी लीक हुई है। जेन्सेन हुआंग कंपनी का नेतृत्व जारी रखेंगे और जांच में पूरा सहयोग करेंगे। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी हुआंग का बचाव करते हुए उन्हें सम्मानित व्यक्ति बताया है और उम्मीद जताई है कि मामला ठीक हो जाएगा। यह प्रकरण अमेरिकी टेक उद्योग और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है।



नेपाल की राजधानी काठमांडू में कुकुर तिहार के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल कुत्ते। पांच दिवसीय तिहार उत्सव में कुत्तों को फूलों की माला पहनाकर पूजा की जाती है और विशेष पकवान अर्पित किए जाते हैं।

## नासा ने आर्टेमिस मिशन के लिए मांगे नए अंतरिक्ष यात्री

न्यूयॉर्क। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने महत्वाकांक्षी आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत चंद्रमा पर मानव बस्ती स्थापित करने के दीर्घकालिक लक्ष्य को साकार करने के लिए नए अंतरिक्ष यात्रियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। जो लोग चांद पर जाने और ऐतिहासिक अभियान का हिस्सा बनने की इच्छा रखते हैं, वे 3 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। नासा के अधिकारियों ने कैनेडी स्पेस सेंटर में आयोजित एक एयर शो के दौरान इसकी घोषणा की। वर्तमान में केवल 32 सक्रिय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ, नासा को पृथ्वी की निचली कक्षा से आगे मानव उपस्थिति का विस्तार करने के लिए और कर्मियों की जरुरत है। दो साल पहले हुई पिछली भर्ती में 8,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 10 उम्मीदवारों का चयन सितंबर 2025 में किया गया था। आर्टेमिस-द्वितीय मिशन ने इस साल अप्रैल में चंद्रमा के चारों ओर चालक दल की उड़ान के साथ अभियान की शुरुआत की थी। आर्टेमिस-तृतीय मिशन के कमांडर रैंडी ब्रेस्निक ने कहा, हमारे पास काम कहीं ज्यादा है और अंतरिक्ष यात्रियों की संख्या कम है। नासा 2027 के अंत तक अंतिम उम्मीदवारों का चयन कर 2028 की शुरुआत में प्रशिक्षण शुरू करने की उम्मीद कर रहा है। इसी साल (2028) नासा की योजना आधी सदी से अधिक समय बाद फिर से अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर भेजने की है। ब्रेस्निक ने संभावित उम्मीदवारों से आवेदन में देरी न करने की अपील की। वे अगले साल गर्मियों में अपने तीन साथियों के साथ अंतरिक्ष में जाएंगे, जहाँ वे स्पेसएक्स और ब्लू ओरिजिन द्वारा बनाए जा रहे चंद्र लैंडर के साथ अपने अंतरिक्ष यान के कैप्सूल को जोड़ने का अभ्यास करने वाले है। यह मिशन आर्टेमिस-चतुर्थ की तैयारी है, जिसके तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर दो अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने का प्रयास किया जाएगा। नासा की दीर्घकालिक योजना अधिक रोवर, रोबोट और संरचनाएं भेजकर चंद्रमा पर स्थायी बेस विकसित करने की है। आर्टेमिस-तृतीय मिशन के अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक रुबियो ने, जिन्होंने 371 दिन अंतरिक्ष में रहने का अमेरिकी रिकॉर्ड बनाया है, धैर्य के महत्व पर जोर दिया। आवेदन के लिए अमेरिकी नागरिक होना, कॉलेज की डिग्री और पेशेवर कार्य अनुभव अनिवार्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### विरोध के बावजूद नित्या रमन बनीं लॉस एंजिलिस की मेयर

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल की नित्या रमन ने लॉस एंजिलिस मेयर का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने खुद को एक बाहरी उम्मीदवार के तौर पर पेश किया था और तमाम विरोधों के बावजूद बड़ी जीत हासिल की। उन्हें नगर परिषद के 14 सहयोगियों में से किसी का समर्थन नहीं मिला था, पुलिस यूनियन ने भी उनका विरोध किया, यहूदी समुदाय से उनके मतभेद रहे और पूरी डेमोक्रेटिक पार्टी मौजूदा मेयर करेन बास के समर्थन में खड़ी थी। अब रमन के सामने खुद को सक्षम नेतृत्वकर्ता साबित करने की चुनौती है। नवनिर्वाचित मेयर के तौर पर उन्हें लॉस एंजिलिस के बंटे हुए राजनीतिक माहौल और नगर प्रशासन के भीतर मतभेदों के बीच रास्ता बनाना होगा। इसके साथ ही उन्हें उन कई गंभीर समस्याओं से भी निपटना होगा, जिनका समाधान उनके पूर्ववर्ती नहीं कर सके। इनमें लंबे समय से जारी बेघर लोगों का संकट, हॉलीवुड में रोजगार के अवसरों पर असर तथा शहर की सड़कों व फुटपाथों की बदहाल स्थिति शामिल है। यह सब उन्हें सीमित बजट में करना होगा। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर बेघर लोगों की समस्या, आवास की बढ़ती कीमतें और सार्वजनिक सुरक्षा को अहम बताया।

रमन लॉस एंजिलिस के कई निवासियों के लिए नया चेहरा हैं, जहां स्थानीय राजनीति में लोगों की दिलचस्पी आमतौर पर कम रहती है। हालांकि, अमेरिका के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले इस शहर का उनका नेतृत्व राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय रहेगा, खासकर 2028 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी को लेकर। दिसंबर के मध्य में पदभार संभालने के बाद, रमन न्यूयॉर्क के जोहरान ममदानी और सिएटल की केटी विल्सन जैसे डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट नेताओं की नई पीढ़ी का हिस्सा बनेंगी। उम्मीद है कि वह शहर को राजनीतिक रूप से वामपंथी दिशा में ले जाएंगी, हालांकि उन्होंने डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट्स ऑफ अमेरिका (डीएसए) से अलग राय रखने की अपनी इच्छा भी जाहिर की है। उन्होंने सितंबर में कहा था, मेरी स्वतंत्रता हमेशा सर्वोपरि रहेगी।

### अमेरिकी राजनेताओं ने भारतीय समुदाय के साथ मनाई भव्य दिवाली

वाशिंगटन। अमेरिका में कई गवर्नर, सांसद और शीर्ष अधिकारियों ने पूरे देश में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ मिलकर दिवाली का त्यौहार पूरे उत्साह और परंपरा के साथ मनाया। इस मौके पर उन्होंने पारंपरिक दीये जलाए, मंदिरों का दौरा किया और शुभकामनाएं व्यक्त कीं। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी दिवाली की शुभकामनाएँ दीं, जो देश में भारतीय संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखाती हैं। कनेक्टिकट के गवर्नर नेड लैमोंट ने राज्य के कैपिटल में आयोजित दिवाली समारोह में भाग लिया, जबकि कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर वीडियो पोस्ट कर बधाई दी। न्यूसम ने विशेष रूप से बताया कि यह पहला साल है जब कैलिफोर्निया में दिवाली पर आधिकारिक अवकाश घोषित किया गया है, जो इस त्यौहार के महत्व को दिखाता है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी पीले कुर्ते में भारतीय-अमेरिकियों के बीच पारंपरिक दीया जलाते दिखे। मिशिगन के नवनिर्वाचित सीनेटर अब्दुल अल-सईद ने राज्य के नवनिर्वाचित स्पीकर रंजीव पुरी के साथ समारोह में शिरकत की। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल, मिशिगन की गवर्नर ग्रेचेन व्हिटमर, वर्जीनिया की एबिगेल स्पैनबर्गर समेत मैरीलैंड, न्यू जर्सी, जॉर्जिया, कोलोराडो और इलिनोइस के गवर्नरों ने भी दिवाली पर अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। पूर्व राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड, सीनेटर कोरी बुकर, जॉन कॉर्निन और टिम केन सहित प्रतिनिधि सभा के कई सदस्यों ने भी भारतीय-अमेरिकियों को बधाई दी। इस व्यापक उत्सव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भागीदारी की, जिन्होंने व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में भारतीय मूल के उद्यमियों, सीईओ और अन्य प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में पारंपरिक दिया जलाकर दिवाली मनाई। यह समारोह अमेरिकी राजनीति में भारतीय समुदाय के बढ़ते प्रभाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक स्पष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### डाना व्हाइट को प्रेस सेक्रेटरी बनाने की बात को ट्रंप ने बताया मजाक

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में अपने बयानों से एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं, जिसमें उन्होंने मजाक में अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) के सीईओ डाना व्हाइट को व्हाइट हाउस का प्रेस सेक्रेटरी बनाने की बात कही और साथ ही यह भी कहा कि वह नर्क नहीं जाना चाहते। ट्रंप ने एक साक्षात्कार में इस बात का स्पष्टीकरण दिया कि डाना व्हाइट को प्रेस सेक्रेटरी नियुक्त करने की उनकी सोशल मीडिया पोस्ट सिर्फ एक मजाक थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए था कि मैं बस मजाक कर रहा हूं। डाना व्हाइट को भी यह विचार पसंद आया। डाना जैसा कोई दूसरा नहीं है। वह बहुत शानदार हैं। वैसे भी उनसे कोई पंगा नहीं लेना चाहेगा, लेकिन, मैं जाहिर तौर पर मजाक कर रहा था। इससे पहले शनिवार को ट्रंप ने अपनी पोस्ट में डाना व्हाइट के अलावा कई प्रमुख फाइटर्स जैसे इस्लाम मखाचेव, खबीब नूरमगोमेदोव, जस्टिन गेथजे, डैनियल कॉर्मियर, अमांडा नून्स और कायला हैरिश का नाम लिया था। उन्होंने लिखा था कि हमें पागल वामपंथियों यानी लूनाटिक लेफ्ट से अपनी रक्षा करने के लिए इन लोगों की जरूरत है। डाना एक ऐसे प्रेस सेक्रेटरी होंगे, जिनके मुकाबले को नहीं होगा। मध्यावधि चुनाव परिणामों के बाद अपने मंत्रिमंडल में संभावित बदलावों पर बोलते हुए ट्रंप ने संकेत दिए कि कुछ फेरबदल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे अपना मंत्रिमंडल पसंद है। लगता है, वे अच्छे हैं, लेकिन मैं शायद ही कुछ बदलाव करूंगा। इसके अतिरिक्त ट्रंप ने अपने धार्मिक विचारों और स्वर्ग-नर्क की अवधारणा पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मैं एक धार्मिक इंसान हूं। इसलिए मुझे स्वर्ग जाना चाहिए। मुझे तो यही उम्मीद है। मैं नर्क नहीं जाना चाहता। ट्रंप का यह बयान सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहा।

### जीत के बाद डेमोक्रेटिक के खिलाफ ट्रंप और न्याय मंत्रालय अपना रहा आक्रामक रुख

वाशिंगटन। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनका न्याय मंत्रालय उसके खिलाफ आक्रामक रुख अपना रहे हैं, जिससे आने वाले समय में दोनों पक्षों के बीच तीखा टकराव होने के संकेत मिल रहे हैं। इस बीच डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद अगले साल सरकार के कार्यकारी अंग के कामकाज की व्यापक जांच करने की तैयारी कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेट पहले ही जांच संबंधी जो मांगें उठा चुके हैं, वे ''उच्चतम स्तर की जबरन वसूली'' हैं और इसके लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांच ने भी उनका समर्थन करते हुए कहा कि डेमोक्रेट नेताओं के खिलाफ आपराधिक जांच संभव है। ब्लांच ने कहा कि उन्हें प्रशासन के मौजूदा सदस्यों को खुलेआम धमकाने और कंपनियों को धमकाने की छूट नहीं दी जा सकती। ट्रंप इस बात को लेकर बेहद चिंतित हैं और उन्हें होना भी चाहिए। ब्लांच और कांग्रेस के डेमोक्रेटिक सदस्य पिछले सप्ताह हुए चुनावों के नतीजों के असर पर चर्चा कर रहे थे। अगले कार्यकाल में प्रतिनिधि सभा की शक्तिशाली निगरानी समिति के अध्यक्ष बनने वाले डेमोक्रेट सांसद रॉबर्ट गार्सिया, ट्रंप एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेट अब दबाव में नहीं आएंगे। हालांकि पार्टी के कुछ नेताओं ने आगाह किया है कि जांच के बजाय महंगाई और आम लोगों की जीवनयापन लागत कम करना प्राथमिकता होनी चाहिए। सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने कहा कि ट्रंप की जवाबदेही तय करना जरूरी है, लेकिन पूरा समय उनकी जांच में नहीं लगाया जा सकता।

## हमलावर युवक के घर से मिले माता-पिता और बहन के शव

क्राकोव। पोलैंड में दक्षिणपंथी विचारधारा से प्रभावित 24 साल एक युवक ने क्राकोव के व्यस्त इलाके में वाहन से लोगों को टक्कर मारी बाद में गोलीबारी कर दी, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हुए हैं। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हमलावर को गोली लगी, जिसमें वह घायल हो गया। इस घटना के बाद पोलैंड में रविवार से दो दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। पोलैंड के रक्षा मंत्री ने इस हमले को आतंकी कृत्य बताया है। यह घटना शनिवार को देश के दूसरे सबसे बड़े शहर क्राकोव के पुराने शहर के केंद्र में स्थित मेन स्क्वायर में हुई, जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। रविवार सुबह तक मृतकों की याद में चौक पर मोमबत्तियां जलाई गई थीं। अधिकारियों की जांच जारी रहने के कारण चौक का कुछ हिस्सा बंद रहा। अधिकारियों को क्राकोव से करीब 150 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित ओखोविएक स्विएंतोक्रिस्की शहर में हमलावर के घर से तीन शव भी मिले। पुलिस ने बताया कि ये शव हमलावर की बहन, मां और पिता के हैं। पुलिस के मुताबिक परिवार के सदस्यों की मौत संभवत: गोली लगने से हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मेन स्क्वायर में हुई गोलीबारी में चार महिलाओं और दो पुरुषों की मौत हुई। मृत महिलाओं में कम से कम तीन पोलैंड की नागरिक थी, जबकि मृतकों में एक ब्रिटिश नागरिक भी था।

## यमन में फंसे 19 भारतीय नाविकों को सुरक्षित निकाला, भारत वापसी की तैयारी

सना। युद्धग्रस्त यमन के होदेइदाह और सना शहरों में पिछले दो हफ्तों से फंसे 19 भारतीय नाविकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। यमन स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सभी नाविक पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हैं और अब उनकी भारत वापसी की प्रक्रिया जारी है। तनावग्रस्त लाल सागर क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय और दूतावास के इस सफल अभियान से फंसे हुए नाविकों के परिजनों ने राहत की सांस ली है। मीडिया रिपोर्ट में एक पोस्ट में दूतावास ने कहा कि यमन में भारतीय दूतावास ने होदेइदाह और सना में पिछले दो हफ्तों से फंसे 19 भारतीय नाविकों को निकाल लिया है।

## ईरान युद्ध पर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की टिप्पणी से कई अमेरिकन लोग नाराज

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की हालिया टिप्पणियों को कई लोगों ने पसंद नहीं किया है। वेंस ने पिछले सप्ताह हुए मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की करारी हार के बाद सोशल मीडिया पोस्ट किया था। उन्होंने चुनाव में करारी हार के लिए ईरान से युद्ध को जिम्मेदार ठहराया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फ्लोरिडा में ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि एक बात को छोड़कर, वे सही थे। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें एक और बात भी कहनी चाहिए थी, अगर आपको फिर से वही फैसला लेना पड़े, तो क्या आप फिर से वही करेंगे? इसका जवाब हां है। ट्रंप से पूछा गया कि क्या वेंस की टिप्पणियों का दोनों नेताओं के रिश्तों पर असर पड़ा है, तो उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है, लेकिन वेंस की बातों से कई लोग नाराज हुए हैं। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि इतिहास में इसे अमेरिका के सबसे अच्छे फैसलों में से एक माना जाएगा। यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होता तो वह दुनिया को तबाह कर सकता था। ट्रंप ने दावा किया कि यह फैसला इतिहास में अमेरिका के सबसे अच्छे फैसलों में गिना जाएगा, क्योंकि उनके मुताबिक परमाणु हथियार हासिल करने पर ईरान पूरी दुनिया के लिए खतरा बन सकता था। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर 2015 में समझौता हुआ था। इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर प्रतिबंधों के बदले उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों में राहत देने का प्रावधान था। हालांकि ट्रंप ने 2018 में अमेरिका को इस समझौते से अलग कर लिया था। ईरान लगातार परमाणु हथियार बनाने की कोशिश करने के आरोपों से इनकार करता रहा है। दरअसल कांग्रेस के दोनों सदनों में डेमोक्रेट्स की जीत के बाद जेडी वेंस ने एक लंबी पोस्ट में उन्होंने दावा किया कि ईरान के साथ अमेरिका संघर्ष हार की वजह बना।

## ट्रंप के पास बड़े फैसले लेने के लिए बचे करीब दो माह

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने और लंबित फैसलों को पूरा करने के लिए करीब दो महीने का समय बचा है। अमेरिकी संसद का सत्र सोमवार से शुरू हुआ है। इस सत्र के दौरान राष्ट्रपति और उनकी रिपब्लिकन पार्टी के सामने कई महत्वपूर्ण विधायी और राजनीतिक चुनौतियां रहेंगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रिपब्लिकन पार्टी संसद के दोनों सदनों में अपना बहुमत गंवा चुकी है। हालांकि, नई संसद के सदस्यों के कार्यभार संभालने तक मौजूदा सांसद ही कामकाज जारी रखेंगे। ऐसे में ट्रंप प्रशासन के पास मौजूदा संसदीय व्यवस्था के तहत अपने प्रस्तावों और प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का सीमित अवसर होगा। अमेरिका में संसद के दोनों सदनों का राष्ट्रपति के विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान होता है। किसी भी बड़े कानून या नीतिगत प्रस्ताव को मंजूरी दिलाने के लिए संसदीय समर्थन जरूरी होता है। बहुमत की स्थिति बदलने से सरकार के लिए विधायी प्रक्रिया और राजनीतिक सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आने वाले दो महीने ट्रंप प्रशासन के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं क्योंकि इस दौरान लंबित विधायी प्रस्तावों, सरकारी नीतियों और अन्य महत्वपूर्ण फैसलों पर काम किया जा सकता है।

# मुश्किलों में घिरे ट्रंप, बोले- तो ईरान को नर्क बना देंगे



तेहरान। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की करारी हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक मुश्किलें बढ़ गई हैं। संसद के दोनों सदनों में डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रभाव बढ़ने से ट्रंप प्रशासन के सामने कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। इसी राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाते हुए ईरान ने अमेरिका के खिलाफ अपने तेवर और सख्त कर दिए हैं। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिका के सामने दो दिन का प्रस्ताव रखते हुए चेतावनी दी है कि यदि उसकी शर्तें नहीं मानी गईं तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं,और ईरान नर्क बन जाएगा। ईरानी विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से अमेरिकी नेतृत्व को संदेश देते हुए कहा कि अमेरिकी मतदाता अपना फैसला सुना चुके हैं और अब व्हाइट हाउस को भी अपनी दिशा तय करनी होगी। ईरान की मांग है कि अमेरिका विभिन्न मोर्चों पर जारी युद्ध और सैन्य टकराव को तत्काल समाप्त करे तथा उसकी शर्तों को स्वीकार करे। अराघची ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका ने सैन्य टकराव का रास्ता चुना तो ईरानी लड़ाके ऐसा जवाब देंगे जिससे अमेरिका के लिए हालात बेहद मुश्किल हो जाएंगे। हालांकि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान की इन मांगों को तत्काल खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया है। ईरान की इस आक्रामक बयानबाजी के पीछे अमेरिका की घरेलू राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चुनावी हार के बाद ट्रंप के लिए संसद से युद्ध संबंधी बजट और अतिरिक्त आर्थिक सहायता हासिल करना आसान नहीं होगा, क्योंकि डेमोक्रेट्स का प्रभाव बढ़ गया है और वे पहले से ही उनकी नीतियों का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में किसी नए सैन्य अभियान के लिए वित्तीय मंजूरी प्राप्त करना अब चुनौतीपूर्ण हो सकता है। दूसरी बड़ी परेशानी अमेरिका में बढ़ती महंगाई और आम लोगों की जीवनयापन लागत है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें भी अमेरिकी जनता के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। ईरान के साथ युद्ध बढ़ने पर अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, जिससे ईंधन की कीमतों में और बढ़ोतरी होने का खतरा रहेगा। इससे ट्रंप सरकार पर घरेलू दबाव और बढ़ सकता है। अमेरिका पहले ही भारी कर्ज और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सैन्य प्रतिबद्धताओं का आर्थिक बोझ उठा रहा है। ऐसे में लंबे समय तक चलने वाला नया युद्ध उसकी अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। ईरान इन परिस्थितियों को समझते हुए अमेरिका पर राजनीतिक और कूटनीतिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। ट्रंप के सामने स्थिति बेहद पेचीदा है। यदि वे ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करते हैं तो आर्थिक दबाव और संसद में विरोध दोनों बढ़ सकते हैं। वहीं, ईरान की मांगों के सामने झुकने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी प्रतिष्ठा प्रभावित होने की आशंका है।

## पाकिस्तान का हिंदू समुदाय हमारे राष्ट्रीय ताने-बाने का एक अहम हिस्सा : शहबाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने रविवार को दिवाली के मौके पर देश के हिंदू समुदाय की जमकर तारीफ की। उन्होंने पाकिस्तान के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में हिंदू समुदाय के योगदान को अहम बताया, साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता, समान अधिकार और सम्मान देने की सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। पीएम शरीफ ने अपने कार्यालय की ओर से जारी संदेश में कहा कि पाकिस्तान का हिंदू समुदाय हमारे राष्ट्रीय ताने-बाने का एक अहम हिस्सा है। देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में उसका अमूल्य योगदान तारीफ का हकदार है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता पर गर्व है। उनकी सरकार धर्म, आस्था, रंग या जातीय पहचान की परवाह किए बिना सभी नागरिकों के अधिकारों, सम्मान और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़े धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों में शामिल हैं।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली
भोपाल, मंगलवार 10 नवम्बर 2026
www.rashtriyagarima.com



# पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चार नए खिलाड़ियों को उतारा



नई दिल्ली। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला आज से रावलपिंडी में खेला जा रहा है। इस मैच के लिए पाकिस्तानी टीम में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं, जिसमें एक साथ चार खिलाड़ियों को टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिला है। श्रीलंका के कप्तान ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया है। पाकिस्तान की ओर से तैयब आरिफ, मोहम्मद ताहा, अराफात मिन्हास और साकिब खान जैसे नए खिलाड़ी अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं। यह एक बड़ा कदम है जो दर्शाता है कि पाकिस्तानी चयनकर्ता युवा प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए उत्सुक हैं। टॉस के दौरान पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम ने बैटिंग अप्रोच और टीम की ताकत के हिसाब से ढलने पर बात करते हुए कहा कि, शायद थोड़ी घास और सतह पर थोड़ी नमी है, लेकिन अगर हमें बैटिंग का मौका मिला है, तो हम हर सेशन अपनी ताकत के हिसाब से खेलने की कोशिश करेंगे। चार डेब्यू करने वालों और लंबी कैप प्रेजेंटेशन सेरेमनी पर बोलते हुए पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, आज हमारी टीम में चार डेब्यू करने वाले खिलाड़ी हैं, जिसमें दो बैटर, एक ऑल-राउंडर और एक फास्ट बॉलर शामिल हैं। मुझे लगता है कि यह काफी युवा टीम है और यह सभी युवाओं के लिए खुद को दिखाने और अपना टैलेंट दिखाने का एक शानदार मौका है। नए खिलाड़ियों के साथ एक युवा टीम की कप्तानी करने के सवाल पर पाकिस्तानी कप्तान ने कहा कि, यह बहुत ज्यादा मुश्किल नहीं है। असल में ये सभी खिलाड़ी फर्स्ट-क्लास क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए हर कोई जानता है कि चार दिन के गेम या टेस्ट मैच को कैसे खेलना है। मुझे लगता है कि हमारी टीम में काफी अनुभव भी है। हमारे पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिनमें अब्बास भाई और सऊद, आगा शामिल हैं। तो मुझे लगता है कि हमारे पास बहुत अच्छा कॉम्बिनेशन है। वहीं टॉस के दौरान श्रीलंका के कप्तान कुसल मेंडिस ने कहा कि इस पिच पर उन्होंने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया है, क्योंकि उन्हें यह थोड़ी घास वाली विकेट लग रही है। टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों टीमों का स्क्वॉड

पाकिस्तान टीम: अजान अवैस, समीर मिन्हास, बाबर आजम (कप्तान), तैयब आरिफ, सऊद शकील, सलमान आगा, गाजी गोरी (विकेट कीपर), रजाउल्लाह, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद ताहा, अली शब्बीर, मोहम्मद सुलेमान, आमेर जमाल, अराफ़ात मिन्हास, साद बेग, साकिब खान।

श्रीलंका टीम: लाहिरू उदारा, पसिंदू सोरियाबंदारा, दिनेश चांदीमल, धनंजय डी सिल्वा, कुसल मेंडिस (विकेट कीपर), कामिंडू मेंडिस, सोनल दिनुशा, मिलन प्रियनाथ रथनायके, केशर नुवांथा, लाहिरू कुमारा, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, प्रभात जयसूर्या, अंजला बंदारा, असिथा फर्नांडो।

### मोहम्मद शमी ने काफी मदद की

## भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल का भावुक बयान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी द्वारा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के दो दिन बाद, भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने उनके योगदान पर एक बड़ा और भावुक बयान दिया है। अपने बयान में मोर्केल ने कहा कि जब वह 2024 में भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में टीम से जुड़े थे, तब शुरुआती दिनों में टीम की कार्यप्रणाली और भारतीय भाषा को समझने में मोहम्मद शमी की उपस्थिति ने उन्हें काफी मदद की। मोर्ने मोर्केल ने टेस्ट फॉर्मेट में मोहम्मद शमी के साथ सीधे तौर पर काम नहीं किया था, क्योंकि शमी ने शुक्रवार को ही टेस्ट से संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, 2025 की शुरुआत में चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान उन्हें शमी के साथ काम करने का अवसर मिला था। मोर्केल ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि जब मैंने भारतीय टीम के साथ शुरुआत की तब मोहम्मद शमी टीम का हिस्सा थे। वह काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और भारतीय भाषा को समझने में उन्होंने मेरी काफी मदद की। उन्हें टेस्ट क्रिकेट से विदा लेते देखना दुखद है। यह बयान शमी के प्रति उनके सम्मान और कृतज्ञता को दर्शाता है। हालांकि शमी ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है, लेकिन उन्होंने सफेद गेंद के फॉर्मेट यानी वनडे और टी20 इंटरनेशनल यानी से संन्यास नहीं लिया है। ऐसे में उम्मीद है कि वह अभी भी भारत के लिए इन फॉर्मेट में वापसी कर सकते हैं। शमी के संन्यास पर कई पूर्व क्रिकेटरों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पहले रवि शास्त्री ने उनके करियर को और लंबा चलने की इच्छा जताई थी, और अब 1983 विश्व कप विजेता क्रिकेटर मदन लाल ने भी इसी बात को दोहराया है। एक खबर के अनुसार, मदन लाल ने कहा, शमी को अभी कम से कम एक साल और खेलना चाहिए था। एक तेज गेंदबाज ने 64 मैचों में 229 विकेट लिए हैं, यह दिखाता है कि उनका करियर शानदार रहा है और उन्होंने कई मौकों पर टीम को जीत दिलाई है।

## वैभव सूर्यवंशी को दिवाली पर मिली टाटा सिएरा, आईपीएल सुपर स्ट्राइकर अवार्ड से नवाजे गए

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी के घर इस दिवाली खुशियों की बहार आई है। धनतेरस और दिवाली के शुभ अवसर पर उन्हें अपनी चमचमाती टाटा सिएरा कार की डिलीवरी मिल गई है। वैभव अपने पिता संजीव सूर्यवंशी, मां और दोनों भाइयों के साथ शोरूम पहुंचे और पूरे परिवार ने मिलकर इस नए सदस्य का स्वागत किया। यह कार वैभव सूर्यवंशी ने खरीदी नहीं है, बल्कि उन्हें आईपीएल 2026 में सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का अवार्ड जीतने के लिए मिली थी। उस सीजन में उन्होंने 237.31 के तूफानी स्ट्राइक रेट से खेलकर यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल किया था। कार की डिलीवरी की टाइमिंग एकदम खास रही, जिसने दिवाली की उनकी खुशी को दोगुना कर दिया। 15 वर्षीय इस युवा खिलाड़ी के लिए साल 2026 बेहद खास रहा है। आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के कुछ ही समय बाद, जुलाई में उन्होंने भारतीय टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। हाल ही में, उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के शुरुआती दो मैचों के लिए बिहार का कप्तान भी नियुक्त किया गया है, जो उनकी लगातार बढ़ती लोकप्रियता और प्रतिभा का प्रमाण है। आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी की उपलब्धियां केवल सुपर स्ट्राइकर तक ही सीमित नहीं थीं। उन्होंने सीजन में सर्वाधिक 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप भी अपने नाम की थी। इस दौरान उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक जड़े, और आईपीएल के इतिहास में ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। उनकी धमाकेदार बल्लेबाजी ने उन्हें एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी दिलाया, जब उन्होंने 72 छक्के लगाकर क्रिस गेल के 59 छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ा था। अपने छोटे से आईपीएल करियर में, वैभव ने अब तक 23 मैचों में 44.69 के औसत और 228.95 के असाधारण स्ट्राइक रेट से 1028 रन बनाए हैं। इसमें 2 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं, और खास बात यह है कि उन्होंने चौकों (81) से ज्यादा छक्के (96) लगाए हैं, जो उनकी आक्रामक शैली को दर्शाता है।

## चोटों से जूझ रही न्यूजीलैंड टीम, लॉकी फर्ग्युसन वनडे सीरीज से बाहर

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ जारी पांच मैचों की वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड की टीम लगातार चोटों से जूझ रही है, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। अब टीम को एक और बड़ा झटका लगा है, जब अनुभवी तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन पिंडली की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाने के कारण अंतिम दो वनडे मैचों से भी बाहर हो गए हैं। फर्ग्युसन को टी20 सीरीज के दौरान चोट लगी थी, जिसके कारण वह पहले तीन वनडे से बाहर थे और अब पूरी वनडे सीरीज से ही बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस बात की पुष्टि की है कि फर्ग्युसन अपनी दाहिने पैर की पिंडली की चोट से अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। इस बीच, तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर भी वेलिंगटन वनडे में हेलमेट पर गेंद लगने के बाद सात दिन के अनिवार्य स्टैंड-डाउन से गुजर रहे हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए, ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क को अंतिम दो वनडे मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है और उन्हें हैमिल्टन में तीसरे वनडे से पहले टिकनर के कवर के तौर पर भी बुलाया गया है। हालांकि, कुछ राहत की खबर भी है। डेवॉन कॉनवे से टकराने के बाद चोटिल हुए मैट हेनरी के माउंट माउंगानुई में चौथे वनडे से वापसी की उम्मीद है, क्योंकि उन्हें कनकशन से मुक्त कर दिया गया है। हेनरी और काइल जैमिसन, जो पहले तीसरे वनडे के बाद टेस्ट कैंप से जुड़ने वाले थे, अब चौथे मैच के लिए भी टीम के साथ रुकेंगे। वहीं, टॉम लैथम, डैरिल मिचेल, हेनरी निकोलस, ग्लेन फिलिप्स और नाथन स्मिथ सहित कई अन्य प्रमुख खिलाड़ी तीसरे वनडे के बाद वेलिंगटन में टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए रवाना होंगे। टेस्ट टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। पांच मैचों की वनडे सीरीज में भारत से 0-2 से पीछे चल रही न्यूजीलैंड के लिए यह करो या मरो की स्थिति है। पहले ही टी20 सीरीज में 2-3 से हारने के बाद, घरेलू टीम को वनडे सीरीज बचाने के लिए शेष तीनों मैच जीतने होंगे।

# दिवाली पर अभिषेक शर्मा का परिवार संग शानदार डांस वीडियो वायरल

नई दिल्ली। पूरे देश में दिवाली का त्योहार बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। रोशनी के इस पर्व पर आम लोगों के साथ-साथ भारतीय क्रिकेटरों ने भी जमकर जश्न मनाया। कई क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर अपनी दिवाली की तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनमें भारतीय क्रिकेटर अभिषेक शर्मा का एक शानदार डांस वीडियो खूब वायरल हो रहा है। अभिषेक ने अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाई और इस दौरान किए गए उनके डांस ने सोशल मीडिया पर खूब धूम मचाई। भारत के टी20 ओपनर अभिषेक शर्मा ने दिवाली के मौके पर अपनी फैमिली के साथ बोलो तारा रा रा गाने पर जबरदस्त डांस मूव्स दिखाए। उनकी बहन कोमल शर्मा ने इस डांस का वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। यह वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया के हर प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया और लोगों ने अभिषेक की इस मस्तीभरी साइड को खूब सराहा। दिवाली के जश्न के लिए अभिषेक शर्मा ने ब्लैक कलर का डिजाइनर कुर्ता और ब्लैक पैंट पहनी थी, जिसमें उनका लुक बेहद आकर्षक और शानदार लग रहा था। उनके इस स्टाइलिश अवतार ने भी फैंस का दिल जीत लिया और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब शेयर की गईं।

हाल ही में अभिषेक शर्मा न्यूजीलैंड दौरे से लौटे हैं, जहां वह पांच मैचों की टी20 सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा थे। भारतीय टीम ने यह सीरीज 3-2 से अपने नाम की थी। इस सीरीज में अभिषेक शर्मा ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 39.40 की औसत और 223.86 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से कुल 197 रन बनाए। तीसरे टी20 में अभिषेक ने वैभव सूर्यवंशी के साथ मिलकर पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ इस धमाकेदार प्रदर्शन के दौरान उनके बल्ले से 17 चौके और 16 छक्के निकले, जिसने उन्हें फैंस के बीच और भी लोकप्रिय बना दिया।



सेनेगल की राजधानी डकार में आयोजित 2026 ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक के महिला 100 मीटर बाधा दौड़ फाइनल में प्रतिस्पर्धा करतीं चीन की झांग केयी।

# व्यापार समाचार

### संक्षिप्त समाचार

## एसबीआई कैलिफोर्निया का टेक्सास में पहला कदम, फ्रिस्को में नई शाखा खोली

ह्यूस्टन। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफ़ोर्निया) ने टेक्सास के फ्रिस्को में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया है। यह एसबीआईसी का कैलिफ़ोर्निया से बाहर पहला भौतिक विस्तार है, जिससे अमेरिका में इसकी कुल शाखाओं की संख्या आठ हो गई है। उद्घाटन समारोह का नेतृत्व एसबीआई समूह के चेयरमैन सी.एस. शेट्टी ने किया। इस ऐतिहासिक मौके पर ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डी.सी. मंजूनाथ और फ्रिस्को के मेयर मार्क हिल भी मौजूद रहे। उत्तरी डलास के तेजी से बढ़ते फ्रिस्को क्षेत्र में स्थित यह शाखा व्यक्तिगत और व्यावसायिक जमा, वाणिज्यिक ऋण तथा अंतर्राष्ट्रीय धन प्रेषण सहित खुदरा और व्यावसायिक बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगी। ये सेवाएं विशेष रूप से उत्तरी टेक्सास के निवासियों, पेशेवरों, उद्यमियों और कॉर्पोरेट ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेंगी। डी.सी. मंजूनाथ ने इस शाखा को भारत-अमेरिका के आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने और उत्तरी टेक्सास के बढ़ते भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए वित्तीय पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया। एसबीआईसी के इन आठ केंद्रों के अतिरिक्त, एसबीआई की अमेरिका में सीधी उपस्थिति भी है।

## बीमा कवरेज से भारतीय चिकित्सा पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान : अपोलो

बैंकॉक। अपोलो हॉस्पिटल्स की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बैंकॉक में 'गार्मिन हेल्थ समिट' में कहा कि वैश्विक बीमा कंपनियों को विदेश में इलाज के लिए स्वत: बीमा सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए और मरीजों को इसके लिए प्रोत्साहित भी करना चाहिए, जिससे उन्हें काफी पैसे बचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सरकार से भी अनुरोध किया कि वह बीमा कंपनियों से बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करे। उन्होंने कहा कि अगर बीमा कंपनियां भारत में इलाज को कवर करना शुरू कर देती हैं, तो पश्चिमी देशों के लोगों का एक बड़ा वर्ग यहां इलाज कराने आ सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वैश्विक चिकित्सा पर्यटन बाजार 2030 तक 286.1 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें भारत का बाजार भी 2025 के 8.7 अरब डॉलर से बढ़कर 2030 तक 16.2 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। बीमा कवरेज से इस क्षेत्र को उल्लेखनीय गति मिल सकती है।

## भारत का तेल खली निर्यात 28.5 फीसदी लुढ़का

नई दिल्ली। पशु आहार के रूप में मुख्य रूप से इस्तेमाल होने वाली तेल खली का भारत से निर्यात चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-अगस्त अवधि में 28.51 प्रतिशत घटकर 12.82 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बताया कि मुख्य रूप से सोयाबीन खली की बिक्री में भारी गिरावट के कारण कुल निर्यात प्रभावित हुआ। एसईए के आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में सोयाबीन खली का निर्यात 73 प्रतिशत घटकर मात्र 2.05 लाख टन रह गया, जबकि पिछले साल यह 7.57 लाख टन था। एसईए ने बताया कि अगस्त 2026 में भारतीय सोयाबीन खली को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमतों के मोर्चे पर भारी दबाव का सामना करना पड़ा। इसकी कीमत करीब 622 डॉलर प्रति टन थी, जबकि वैश्विक मानक कीमतें करीब 445 डॉलर प्रति टन थीं। अर्जेंटीना और ब्राजील जैसे दक्षिण अमेरिकी उत्पादकों से सस्ती आपूर्ति ने भी भारतीय उत्पादों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ा दी। घरेलू मांग में मजबूती, लाल सागर में जहाजरानी बाधाएं और समुद्री माल ढुलाई की ऊंची लागत ने भी कुल निर्यात को सीमित किया। हालांकि, सरसों खली के निर्यात से कुछ राहत मिली, जिसकी बिक्री चीन, बांग्लादेश और वियतनाम जैसे प्रमुख एशियाई खरीदारों को हुई। फिर भी, सरसों खली का निर्यात भी एक साल पहले के 9.15 लाख टन से घटकर 8.80 लाख टन रहा।

# एआई निवेश से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर मंडरा रहा मंदी का खतरा

वाशिंगटन। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व प्रमुख, दिग्गज अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने अमेरिकी कंपनियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में उनके भारी-भरकम निवेश को लेकर सीधी चेतावनी दी है। हाल ही में दिए अपने बयान में गोपीनाथ ने कहा कि एआई में किए गए इस विशाल निवेश से अपेक्षित रिटर्न मिलना मुश्किल दिख रहा है, जिससे 1 ट्रिलियन डॉलर के निवेश पर बड़ा वित्तीय जोखिम पैदा हो गया है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि यह जोखिम गहराता है, तो अमेरिकी बाजार में तेज गिरावट आएगी और देश की आर्थिक वृद्धि शून्य से नीचे चली जाएगी, जो सीधे तौर पर मंदी का संकेत होगा। गीता गोपीनाथ ने बताया कि एआई मौजूदा समय में



निवेश के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक बन गया है, जहां कंपनियां इसके बुनियादी ढांचे और विकास में भारी पैसा लगा रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कंपनियां इतनी बड़ी लागत वसूल कर पाएंगी। कुछ कंपनियों ने निवेश के बोझ को कम करने के लिए छंटनी भी शुरू कर दी है, लेकिन गोपीनाथ का मानना है कि इससे समस्या का स्थायी हल नहीं निकलेगा। उन्होंने स्वीकार किया कि अमेरिका, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे बाजारों में एआई तकनीक से फिलहाल बढ़त दिख रही है, लेकिन असली चुनौती आगे आने वाली है। हार्वर्ड प्रोफेसर गोपीनाथ ने स्पष्ट किया कि बाजार में एक करेक्शन आना निश्चित है, हालांकि उन्होंने इसकी समय-सीमा नहीं बताई। उन्होंने वैश्विक विकास के संदर्भ में दो विरोधाभासी कारकों का जिक्र किया। एक ओर एआई में बढ़ता निवेश आर्थिक विकास को गति दे रहा है, वहीं दूसरी ओर भू-राजनैतिक तनाव और पश्चिम एशिया में जारी युद्ध इसे सुस्त बना रहे हैं। इस विरोधाभास के चलते चालू वित्तवर्ष के वैश्विक ग्रोथ अनुमान और संभावित आर्थिक झटके एक-दूसरे के करीब बने हुए हैं। अमेरिका पर मंदी के खतरे को लेकर गोपीनाथ ने कहा कि एआई में सुस्त रिटर्न वहां मंदी का सीधा संकेत दे रहा है। 2026 में इस तकनीक पर 1 ट्रिलियन डॉलर निवेश करने वाली कंपनियों को अपने राजस्व और मुनाफे की अभी से चिंता सताने लगी है। उन्होंने एनवीडिया का उदाहरण देते हुए समझाया कि यदि एआई लैब्स में गिरावट आती है, जो उसके चिप बाजार को सपोर्ट करते हैं, तो चिप का कारोबार भी प्रभावित होगा। इसका असर दूसरी तकनीकी कंपनियों पर पड़ेगा और अमेरिका मंदी की चपेट में आ सकता है। गोपीनाथ ने चेतावनी दी कि अमेरिकी बाजार पहले से ही दबाव में है और यदि यह दबाव और बढ़ा तो आर्थिक वृद्धि शून्य या उससे भी नीचे जा सकती है, जो मंदी का स्पष्ट संकेत होगा।

## वोल्टास में बड़ा फेरबदल, नोएल टाटा होंगे रिटायर, सुनील डिसूज़ा संभालेंगे कमान

नई दिल्ली। टाटा समूह की प्रमुख एयर कंडीशनर निर्माता वोल्टास ने अपने शीर्ष प्रबंधन में व्यापक बदलावों की घोषणा की है। कंपनी के वर्तमान चेयरमैन नोएल एन टाटा 11 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे, जिसके बाद सुनील अलारिक डिसूजा उनकी जगह लेंगे। यह बदलाव टाटा समूह की सेवानिवृत्ति नीति के तहत हो रहा है। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार 70 वर्ष की आयु पूरी करने पर नोएल टाटा, जो 2003 से वोल्टास से जुड़े हैं, चेयरमैन और डायरेक्टर का पद छोड़ेंगे। उन्हें चेयरमैन एमेरिटस का सम्मानजनक पद दिया जाएगा। उनकी जगह सुनील डिसूजा, जो वर्तमान में टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सी.ई.ओ. हैं तथा वोल्टास के बोर्ड में पहले से ही शामिल हैं, 12 नवंबर 2026 से नए चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह बदलाव सिर्फ चेयरमैन पद तक सीमित नहीं है। मौजूदा मैनेजिंग डायरेक्टर (एम.डी.) सी.पी. मुकुंदन मेनन का कार्यकाल 24 मई 2027 को समाप्त हो रहा है। उनकी जगह जयंत बालन लेंगे, जिन्हें 25 मई 2027 से पांच साल के लिए एम.डी. नियुक्त करने की मंजूरी दी गई है। बालन फिलहाल वोल्टास के रूम एयर कंडीशनर कारोबार के प्रमुख हैं और उन्हें एम.डी. डेजिग्नेट भी बनाया गया है, हालांकि इस नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति आवश्यक होगी। इसके अतिरिक्त, वेंकटेसालु पलानीस्वामी को 12 नवंबर 2026 से बोर्ड में एडिशनल डायरेक्टर नियुक्त किया जाएगा।

## रुपया 24 पैसे चढ़कर 93.74 प्रति डॉलर पर खुला

मुंबई। रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 24 पैसे चढ़कर 93.74 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, विदेशी पूंजी के बेहतर प्रवाह और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया करीब 93.85 प्रति डॉलर पर खुला। फिर बढ़त हासिल करते हुए 93.74 प्रति डॉलर तक पहुंच गया जो पिछले कारोबारी सत्र के बंद भाव से 24 पैसे अधिक है। रुपया शुक्रवार को 43 पैसे उछलकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.98 पर बंद हुआ था।

## सोना 1,43,967 और चांदी 1,88,599 के पार

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में सोमवार को सोने की कीमतों ने 4,100 डॉलर प्रति औंस का अहम स्तर पार कर लिया, जिससे कीमती धातुओं में जोरदार तेजी देखने को मिली। कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट से महंगाई का दबाव कम होने की उम्मीद ने सोने को सहारा दिया, हालांकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से सख्त मौद्रिक नीति अपनाए जाने की आशंका ने इस तेजी पर कुछ अंकुश भी लगाया। चांदी के भावों में भी मजबूती दर्ज की गई। खबर लिखे जाने तक ग्लोबल मार्केट कॉमेक्स पर सोना 4,128.50 डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रहा था, जिसमें 53.60 डॉलर की तेजी आई थी। यह 4,100 डॉलर का महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक स्तर पार कर गया। चांदी भी 1.16 डॉलर की बढ़त के साथ 53.10 डॉलर प्रति औंस पर मजबूत बनी हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने ने इस साल 5,586.20 डॉलर और चांदी ने 121.79 डॉलर प्रति औंस का उच्चतम स्तर छुआ था। घरेलू वायदा बाजार एमसीएक्स पर भी सोने और चांदी में जबरदस्त उछाल देखा गया। खबर लिखे जाने के समय, एमसीएक्स पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 1,415 रुपये की बड़ी तेजी के साथ 1,43,967 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नई दिल्ली के लोक निवास में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मुलाकात की।

## एनवीडिया सीईओ जेन्सेन हुआंग पर जासूसी और बेवफाई के आरोप, जांच शुरू

न्यूयॉर्क। दिग्गज चिप कंपनी एनवीडिया के सह-संस्थापक और सीईओ जेन्सेन हुआंग इन दिनों अपनी निजी जिंदगी और चीनी जासूसी के गंभीर आरोपों को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में एक चीनी नागरिक एलिस हुआंग से अपने संबंधों को स्वीकार किया है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियां एलिस पर चीन की खुफिया एजेंसी के लिए काम करने और एनवीडिया की महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी हासिल करने के प्रयास का संदेह कर रही हैं, जिससे यह मामला अब एक निजी प्रसंग से बढ़कर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा का गंभीर मुद्दा बन गया है। सीईओ हुआंग ने कंपनी के बोर्ड के समक्ष एलिस हुआंग से अपने रिश्ते की बात स्वीकारी। इसके बाद, उन्होंने एनवीडिया कर्मचारियों को पत्र लिखकर अपनी पत्नी और परिवार से बेवफाई के लिए माफी भी मांगी। वहीं, एलिस पर लगे जासूसी के आरोपों और गोपनीय जानकारी चीन तक पहुंचाने के संदेह की जांच कंपनी बोर्ड के साथ-साथ अमेरिकी खुफिया एजेंसियां भी कर रही हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की निगरानी में तैयार एक गोपनीय रिपोर्ट ने इस जासूसी के संदेह को और गहरा दिया है। एलिस हुआंग, एक चीनी नागरिक और पूर्व टीवी रिपोर्टर हैं, जो सिंगापुर की डेटा सेंटर कंपनी मेगस्पीड में एक वरिष्ठ पद पर कार्यरत थीं। रिपोर्ट के अनुसार, मेगस्पीड ने पिछले दो वर्षों में एनवीडिया से 4.8 अरब डॉलर से अधिक के चिप्स खरीदे थे, और इसी व्यावसायिक संबंध ने दोनों के बीच संपर्क बढ़ाया। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि इस रिश्ते का उपयोग एनवीडिया के सीईओ से संवेदनशील व्यावसायिक जानकारी हासिल करने के लिए किया जा रहा था। हालांकि, गोपनीय जानकारी चीन तक पहुंचने का अभी कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिला है।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली
भोपाल, मंगलवार 10 नवम्बर 2026
www.rashtriyagarima.com



# प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और गौवंश संरक्षण संस्कृति का मूल भाव : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

**मुख्यमंत्री ने रवीन्द्र भवन में हुआ राज्य स्तरीय गो-पूजन और पशुपालक सम्मान समारोह**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम सभी को प्रकृति के प्रति कृतज्ञ भाव रखते हुए उसका पूजन और संरक्षण करना चाहिए। गोवर्धन पूजा हमारी आस्था,परम्परा और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठ अंगुली पर पूरा गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों और उनके पशुधन को जलप्रलय से बचाया था। मानवता की रक्षा और सामूहिक सहयोग का इससे उत्कृष्ट उदाहरण दूसरा नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज से अलग नहीं है। सामाजिक आयोजनों में सरकार की भागीदारी जरूरी है इसलिए अब समाज के सभी प्रकार के आयोजनों में सरकार बढ़ चढ़कर शामिल होगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रदेश में श्वेत क्रांति 2.0 के माध्यम से डेयरी सहकारिता को मजबूत किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य अगले दो वर्षों में मध्यप्रदेश को देश की मिल्क कैपिटल बनाना है। इसके लिए दुग्ध संकलन क्षमता 12 लाख से बढ़ाकर 52 लाख किग्रा प्रतिदिन करने का लक्ष्य लिया गया है।

## गौपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि गौपालन केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार भी है। भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला हमें प्रकृति के सम्मान, गौवंश के संरक्षण और समाज के साथ मिलकर चलने की सीख देती है। प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी हमारा जीवन सुखी और समृद्ध रहेगा। श्रीकृष्ण ने 5 हजार साल पहले ही यह सुनिश्चित किया कि हमारी प्रकृति और वन और चराचर जगत पर सबका बराबर अधिकार है। श्रीकृष्ण ने सच्चे अर्थों में गौपालन को बढ़ावा दिया। उन्होंने गौमाता की सेवा से समाज को यह संदेश दिया कि ममतामयी माता के रूप में गौमाता मनुष्य के आर्थिक विकास की धुरी है। दूध के अलावा इसके गोबर से खाद बनती है। यही खाद जैविक खेती और प्राकृतिक खेती को समृद्ध बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निराश्रित गौमाताओं को निकटतम गौशालाओं में भेजा जा रहा है। गौशालाओं की मजबूती और गौशालाओं में संरक्षित गौवंश को पौष्टिक आहार देने के लिए प्रति गाय दी जाने वाली अनुदान राशि 20 रुपये से बढ़ाकर अब 40 रुपये प्रति गाय कर दी है। उन्होंने कहा कि सिर्फ खेती (कृषि) से ही समृद्धि नहीं आएगी, इसके लिए किसानी अर्थात पशुपालन (गाय, भैंस, बकरी पालन) सहित मछली पालन, उद्यानिकी फसलों का उत्पादन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती भी जरूरी है। राज्य सरकार इन सबको प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्राकृतिक खेती के मामले में मध्यप्रदेश देश में पहले नंबर पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अब बड़े पशु मेले भी लगाए जाएंगे। इन पशु मेलों में कृषि एवं पशुपालन विभाग द्वारा उन्नत एवं आधुनिक कृषि यंत्रों सहित उन्नत नस्ल के गौवंश भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इससे किसानों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्नत नस्ल के पशुओं के पालन की जानकारी मिलेगी।

# ग्रामीण बन रहे संपत्ति के मालिक और बहनें आत्मनिर्भर : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने उज्जैन के ढेंडिया में ग्राम पंचायत भवन सह मैरिज गार्डन का किया लोकार्पण**



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना (स्वामित्व पंजीयन) में हमारी सरकार ग्रामीण पट्टाधारकों के मकानों एवं प्लॉट की पक्की रजिस्ट्री कर उन्हें वास्तविक भूस्वामी बना रही है। प्रदेश में बहनों को भी आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। ग्राम पंचायत ढेंडिया की बहनें अब आत्मनिर्भर बन गई है। वे पास में ही खुले वस्त्र उद्योग में सिलाई का काम करके 12 से 15 हजार रुपए महीने कमा रही है। सरकार का उद्देश्य है कि गांव की ग्रामीण महिलाएं और ग्राम पंचायतें भी आत्मनिर्भर बनें ग्राम पंचायत ढेंडिया ने प्रदेश में एक अनूठा काम करते हुए मैरिज गार्डन बनाया है। यह लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में फैला है और सर्व सुविधायुक्त है। इससे ग्राम पंचायत की आय बढ़ेगी और आमजन को किफायती दर पर मैरिज गार्डन की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने रविवार को दीपावली पर उज्जैन जिले के ग्राम ढेंडिया में 2 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन सह मेरिज गार्डन का लोकार्पण कर यह उद्गार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन जिले में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना (स्वामित्व पंजीयन) के तहत ऑनलाइन ग्रामीणों की रजिस्ट्री का निष्पादन किया। उज्जैन जिले में अब तक 74 हज़ार 791 पात्र हितग्राहियों के मकानों एवं प्लॉट की रजिस्ट्री कार्य का निष्पादन हो चुका है। संख्या के हिसाब से उज्जैन जिला योजना में पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले केवल शहर वालों के पास ही रजिस्ट्री हुआ करती थी, गांव में मकान की कोई कीमत नहीं होती थी। हमारी सरकार ने अपनी ओर से 10 हजार करोड़ रुपए का बजट रखकर गांव के पट्टेदारों एवं मकान मालिकों के लिए नि:शुल्क रजिस्ट्री की योजना चलाई है। अब गांव के मकान और प्लॉट की भी कीमत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत प्रदेश में 50 से 70 लाख पात्र ग्रामीण पट्टेधारियों की सम्पत्ति की नि:शुल्क रजिस्ट्री की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम ढेंडिया उज्जैन शहर के बिल्कुल पास में है। यहां के लोग अपने घर में 8 अतिरिक्त कमरे बनाकर होमस्टे चला सकते है। इस तरह के होमस्टे निर्माण के लिए सरकार 2 लाख रुपए तक की मदद दे रही है तथा इसमें बिजली का बिल भी घरेलू उपयोग दर से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर प्रयास कर रही है। गाय, भैंस, बकरी, अन्य पशु सहित मत्स्य पालन के लिए ऋण दिया जा रहा है। प्रदेश के गांव-गांव में सांची (दुग्ध संघ) द्वारा दुग्ध सहकारी समितियां निर्मित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने ग्राम ढेंडिया में 37 लाख रुपए की लागत से निर्मित सर्व सुविधायुक्त पंचायत भवन का लोकार्पण किया। पंचायत भवन में सरपंच, सचिव, पटवारी कक्ष के अलावा एक सर्वसुविधायुक्त मीटिंग हॉल बनाया गया है।

# नर्मदा स्नान के लिए जा रहे परिवार की कार टकराने से 4 की मौत

**प्रदेश के सागर जिले के देवरी की घटना,हादसे में 6 घायल**

भोपाल। प्रदेश के सागर जिले के देवरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोपालपुरा गांव के पास सोमवार सुबह एक बेकाबू कंटेनर ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब परिवार व साथी नर्मदा स्नान के लिए नरसिंहपुर जिले के प्रसिद्ध बरमान घाट जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, सागर जिले के भैंसा गांव निवासी परिवार व उनके साथी सोमवार सुबह कार में सवार होकर धार्मिक आस्था के साथ बरमान घाट पर नर्मदा स्नान के लिए रवाना हुए थे। कार का संचालन अनिकेत शर्मा कर रहे थे। जैसे ही कार देवरी थाना क्षेत्र के गोपालपुरा के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कंटेनर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसा होते ही आसपास के स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और तुरंत पुलिस को सूचना दी। देवरी थाना पुलिस और ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे घायलों तथा मृतकों को बाहर निकालकर देवरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। दुर्घटना के प्रभाव से 3 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि अस्पताल में इलाज के दौरान एक और घायल ने दम तोड़ दिया। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान संतोष तिवारी, माखन यादव, नीरज मिश्रा एवं सुभाषनगर निवासी एक अन्य व्यक्ति के रूप में हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी में कुछ घायलों का इलाज जारी है, जबकि गंभीर घायलों को सागर रेफर किया गया। हादसे में कार चालक अनिकेत शर्मा, देवेंद्र सेन, राहुल नामदेव, प्रहलाद विश्वकर्मा, रामगोपाल सेन तथा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका उपचार डॉक्टरों की देखरेख में किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही देवरी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर मार्ग पर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के आशापुरा में कामधेनु गौशाला में गौ- माता को हरी घास खिलायी।

# भोपाल में बुजुर्ग महिला की हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

**उधार मांगने के बहाने घर पहुंची पड़ोसन ने उतारा था मौत के घाट**

भोपाल। राजधानी भोपाल के शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र के बाजपेई नगर मल्टी में 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला कलरी देवी की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। हत्या का आरोप मृतका की ही पड़ोस में रहने वाली 45 वर्षीय महिला पर है। पुलिस के मुताबिक,आरोपी महिला 500 रुपए उधार मांगने के बहाने बुजुर्ग के घर पहुंची थी। बाद में जेवरात के लालच में उसने उनकी हत्या कर दी और सोने-चांदी के आभूषण व नकदी लेकर फरार हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लूटा गया सामान बरामद कर लिया है। डीसीपी आयुष गुप्ता ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर मामले का खुलाया किया। उन्होंने बताया कि 6 नवंबर को हमीदिया अस्पताल से कलरी देवी पत्नी हरीचंद प्रजापति की मौत की सूचना मिली थी। वह बाजपेई नगर मल्टी के ए-2 ब्लॉक में रहती थीं। मर्ग जांच के दौरान मिली शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण दम घुटना और श्वास नली अवरुद्ध होना सामने आया। इसके बाद पुलिस ने हत्या और लूट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त जोन-3 ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी। टीम ने घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की और तकनीकी साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान पास की मल्टी में रहने वाली एक महिला की भूमिका संदिग्ध मिली। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें जेवरात के लालच में वारदात को अंजाम देने की बात सामने आई। गिरफ्तार महिला की पहचान रेखा उर्फ रीता उर्फ रीत (45), पत्नी स्वर्गीय सुरेश सुडरकर के रूप में हुई है। वह मूल रूप से महाराष्ट्र के भुसावल की रहने वाली है और वर्तमान में बाजपेई नगर की ए-1 मल्टी में रह रही थी। पुलिस ने उसके कब्जे से मृतका के सोने के झुमके,नाक की लौंग,चांदी की पायल और नकदी बरामद की है। इसके अलावा वारदात के समय पहने गए कपड़े,चप्पल और मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, मृतका का सोने का दांत घटनास्थल की तलाशी के दौरान ही मिल गया था,जबकि अन्य आभूषण आरोपी की निशानदेही पर बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक,आरोपी महिला के खिलाफ निशातपुरा थाने में नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म से संबंधित मामला दर्ज है। इसके अलावा शाहजहांनाबाद थाने में सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण भी दर्ज है। पुलिस के अनुसार,वारदात वाले दिन आरोपी 500 रुपए उधार मांगने के बहाने कलरी देवी के घर पहुंची थी।

# गोवर्धन पूजा प्रकृति संरक्षण और गौसेवा का संदेश देती है : हेमंत खण्डेलवाल

**भाजपा अध्यक्ष ने बैतूल के जामठी स्थित भारत भारती गौशाला में गोवर्धन पूजन किया**



भोपाल। प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को बैतूल के जामठी स्थित भारत भारती गौशाला में गोवर्धन पूजन किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोपालकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रकृति और गौसंरक्षण भारतीय संस्कृति के मूल आधार हैं। इनका संरक्षण केवल परंपरा का निर्वहन नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है। गोवर्धन पूजा प्रकृति के सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और गौसेवा के महत्व का संदेश देती है। हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पूजा का प्रसंग प्रकृति के प्रति सम्मान और उसके संरक्षण की प्रेरणा देता है। जीवन में कितनी भी उन्नति और प्रगति कर लें, लेकिन प्रकृति के महत्व को कभी नहीं भूलना चाहिए। प्रकृति का सम्मान,उसकी पूजा और संरक्षण भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों और गौशालाओं में गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य समाज को प्रकृति, गौमाता और गौशालाओं से जोड़ना तथा गौसंरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारंपरिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण आधार हैं। गौसेवा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और सामाजिक दायित्व का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और बेहतर देखभाल के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। गौशालाओं को सशक्त बनाने के साथ ही गोपालकों के कार्यों को प्रोत्साहित करना भी आवश्यक है। इसी क्रम में कार्यक्रम में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोपालकों को सम्मानित किया गया। हेमंत खण्डेलवाल ने लोगों से गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण, गौसेवा और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदना भारतीय संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। इस परंपरा और इसके मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय जनजाति शिक्षा सहसंयोजक बुधपाल सिंह ठाकुर, भारत भारती शिक्षा समिति के सचिव मुकेश खण्डेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, समिति के उपाध्यक्ष विवेक तिवारी, संयोजक जितेंद्र तिवारी सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गौशाला संचालक, गोपालक, गणमान्य नागरिक और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मप्र में दिवाली की आतिशबाजी के बाद वायु प्रदूषण बढ़ा

**भोपाल में 50 मीटर तक विजिबिलिटी,15 शहरों में पारा 15 डिग्री से नीचे**

भोपाल। दिवाली पर हुई आतिशबाजी का असर अब मध्य प्रदेश की हवा पर दिखाई देने लगा है। प्रदेश के कई शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। इंदौर में 8 नवंबर की रात 11:11 बजे तक एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 320 दर्ज किया गया, जिसे बेहद खराब श्रेणी में रखा गया है। वहीं, सोमवार सुबह राजधानी भोपाल में धुएं और प्रदूषण के कारण दृश्यता घटकर सिर्फ 50 मीटर रह गई। कम विजिबिलिटी के चलते सड़कों पर वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदूषण के बीच प्रदेश में ठंड का असर भी बढ़ रहा है। कटनी जिले का करौंदी लगातार दूसरी रात प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका बना रहा। यहां न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पचमढ़ी से भी कम है। भोपाल, इंदौर और जबलपुर सहित 15 शहरों में रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, दिवाली के दिन प्रदेशभर में मौसम साफ रहा। राजधानी भोपाल में दिन के समय धूप खिली रही, लेकिन शाम होते ही ठंडक बढ़ गई। मौसम में इस बदलाव के बीच त्योहार का उत्साह बना रहा। अब 10 नवंबर से उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से अगले दो-तीन दिनों में प्रदेश में सर्द हवाओं का प्रभाव बढ़ सकता है, जिससे तापमान में और गिरावट आने के आसार हैं। आंकड़ों के मुताबिक, कटनी के करौंदी में न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद शहडोल के कल्याणपुर में 12.6 डिग्री, रायसेन और पचमढ़ी में 12.8 डिग्री, अमरकंटक में 13.1 डिग्री, दमोह में 13.2 डिग्री और रीवा में 13.5 डिग्री तापमान रहा। राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री, इंदौर में 13.7 डिग्री, उमरिया में 13.8 डिग्री, छिंदवाड़ा में 14.4 डिग्री और जबलपुर में 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस तरह प्रदेश के 15 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे रहा। कटनी जिले का करौंदी कस्बा लगातार दूसरी रात प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। जानकारों के मुताबिक, यह गांव विंध्याचल पर्वत श्रृंखला की पहाड़ियों के ढलान पर बसा है। सर्दियों में रात के समय पहाड़ों की ऊपरी चोटियों की हवा तेजी से ठंडी और भारी हो जाती है। इसके बाद यह हवा ढलान की ओर नीचे उतरती है।

## राज्यपाल पटेल ने प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा पर दी बधाई

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा का पर्व हमारी धार्मिक आस्था,लोक परंपरा और प्रकृति के साथ सह अस्तित्व की जीवनशैली का प्रतीक है। गोवर्धन पूजन का उत्सव प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और जिम्मेदारी का सामूहिक संकल्प है। राज्यपाल पटेल ने सोमवार को अपने संदेश में कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत की आराधना का प्रसंग, हमें प्रकृति की रक्षा और संतुलित उपयोग का संदेश देता है। आज जब पर्यावरण संरक्षण वैश्विक चुनौती है,तब यह पर्व हमें हरियाली संवर्धन,जल संरक्षण और सतत जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें। प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें। अपने परिवेश में वृक्षारोपण एवं हरियाली को प्रोत्साहित करें। इस पर्व को भावी पीढ़ी में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और जागरूकता विकसित करने के संकल्प के रूप में मनाएँ। राज्यपाल ने कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही स्वच्छ,सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण का निर्माण संभव है।

## मंत्री विश्वास सारंग ने नरेला के सभी छठ घाटों का किया निरीक्षण

भोपाल। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के सभी छठ घाटों का निरीक्षण कर छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और आयोजन समितियों के प्रतिनिधियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने घाटों पर पर्याप्त जल व्यवस्था,प्रकाश,साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की सुविधा और निजता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक घाट पर चेंजिंग रूम बनाने के निर्देश दिए। साथ ही व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने और सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने को कहा। मंत्री सारंग ने कहा कि छठ महापर्व सूर्य उपासना, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, लोक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भोपाल सहित नरेला विधानसभा क्षेत्र में यह पर्व बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए घाटों पर स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। सभी तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के छठ महापर्व मना सकें।

## रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी डबास ने डीजीपी से मांगी सुरक्षा

भोपाल। मध्यप्रदेश कॉडर के सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी एवं पूर्व अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक आजाद सिंह डबास ने अपनी जान को गंभीर खतरा बताते हुए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना को पत्र लिखकर तत्काल पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। डबास सिस्टम परिवर्तन अभियान के अध्यक्ष भी हैं। डीजीपी को भेजे पत्र में डबास ने उल्लेख किया है कि वे लगातार कुछ लोगों के भ्रष्टाचार और गलत कार्यों की शिकायतें सक्षम स्तर पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करने और शिकायतें दर्ज कराने के कारण संबधित लोग उनसे नाराज हैं, और नुकसान पहुंचाने की ताक में हैं। डबास के अनुसार, उनके खिलाफ लगातार भड़काऊ पोस्ट और सामग्री प्रसारित की जा रही है, जिसके चलते उन पर भीड़ द्वारा हिंसक या घातक हमला होने की आशंका बन गई है। उन्होंने पत्र में विशेष रूप से उल्लेख किया है कि इस स्थिति के कारण उन्हें प्रदेश के अंदर और बाहर, दोनों जगह जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक से मामले की गंभीरता को देखते हुए अविलंब सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।

## पटाखों का कचरा सामान्य कचरे से अलग उठाएं : निगम आयुक्त

भोपाल। दीपावली के बाद शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सोमवार सुबह विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पटाखों से निकलने वाले कचरे को सामान्य कचरे से अलग एकत्र किया जाए। वहीं सड़कों की सफाई से पहले पानी का छिड़काव अनिवार्य रूप से कराया जाए,ताकि धूल-मिट्टी न उड़े और सफाई मित्रों को भी परेशानी न हो। निगम आयुक्त ने सुबह 6 बजे से न्यू मार्केट, एमपी नगर और आनंद नगर के बाजारों सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। न्यू मार्केट की सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए उन्होंने दुकानदारों को कचरा, पन्नी और अन्य अपशिष्ट डस्टबिन में रखने तथा निगम के कचरा वाहनों को ही देने की समझाइश देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समझाइश के बाद भी सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने वालों के खिलाफ स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जाए। एमपी नगर में उन्होंने सफाई और कचरा परिवहन व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही सड़कों और फुटपाथों की बेहतर सफाई एवं धुलाई कराने के निर्देश दिए। आनंद नगर क्षेत्र में बाजारों और अन्य स्थानों पर सफाई तथा पानी के छिड़काव की व्यवस्था देखी।